उज्जैन
बुधवार
04
नवम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-13
अंक-02
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 इंदौर में आरएसएस की बैठक, आज होगा समापन

7 रणजी ट्रॉफी- उर्विल, सनवीर और प्रदोष की डबल सेंचुरी



सारा अली खान के दोस्त ओरी बोले- सारा फेक हैं

उनकी मां अमृता सिंह ने मुझे गालियां दीं, मुश्किल वक्त में सारा ने साथ नहीं दिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

सारा अली खान के दोस्त रहे ओरी ने सारा और उनकी मां अमृता सिंह के साथ अपने 10 साल पुराने रिश्ते के टूटने की वजह बताई है। नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में ओरी ने कहा 2021 में अमृता सिंह ने उन्हें बहुत बुरा-भला कहा और गालियां दीं। वहीं, गोवा में एक बड़े कानूनी मामले के दौरान उन्होंने सारा का साथ दिया था, लेकिन जब ओरी को खुद मदद की जरूरत पड़ी तो सारा ने एक फोन तक नहीं किया। इसी वजह से उन्होंने दोनों को अनफॉलो किया। बातचीत के दौरान ओरी ने बताया कि सारा उनकी बचपन की दोस्त जैसी थीं और दोनों कॉलेज के दिनों से करीब 10 सालों तक पक्के दोस्त रहे। ओरी ने कहा कि जब सारा गोवा में एक बड़े कानूनी मामले में फंसी थीं और उनकी जिंदगी बिखर रही थी, तब लोगों की मनाही के बावजूद वे सारा, उनकी मां और भाई के साथ खड़े रहे। लेकिन जब ओरी की जिंदगी में मुश्किल समय आया और उन्हें सारा के साथ की जरूरत थी, तब उन्होंने एक बार भी हाल जानने के लिए फोन नहीं किया।

देश

- **राहुल** बोले- मोदी जी देश विरोधी कौन, बहस कीजिए, जगह-जज आप चुनिए, शाह बोले- किसी भी मुद्दे पर बहस को तैयार, संसद चलने दीजिए
- एसएससी ने जारी किया तीन बड़ी परीक्षाओं का शेड्यूल, 17 से 28 नवंबर तक होंगे सीजीईपीट, टाइपिंग-स्टेनोग्राफी और दिल्ली पुलिस एसआई के एग्जाम
- **सुप्रीम** कोर्ट बोला-एक जगह अनिश्चितकाल तक धरना नहीं दे सकतेः प्रदर्शन एक का नहीं, सबका अधिकार, रोजगार-कारोबार का ध्यान रखना भी जरूरी
- **हाईकोर्ट** बोला- भारत धर्मनिरपेक्ष देशः बीएमसी दीया मिर्जा का दिवाली वीडियो दोबारा अपलोड करे, एक्ट्रेस ने ग्रीन पटाखे जलाने की अपील की थी

विदेश

- **ट्रम्प** की मुश्किलें बढ़ीं, दोनों सदनों में रिपब्लिकन पीछे, हाउस में डेमोक्रेट्स की 121 सीटों पर बढ़त, सीनेट में बहुमत से सिर्फ 5 सीटें दूर
- **अमेरिका** में 3 बच्चे पैदा करने का चलन बढ़ा, ज्यादा बच्चे अमीरों के लिए रुतबे की निशानी, परवरिश पर करोड़ों खर्च कर रहे
- **किंग चार्ल्स** ने गुलामी के इतिहास को शर्मनाक बताया, बोले- याद करके डर लगता है, दुख होता है; कैरिबियाई देश माफी-मुआवजा मांग रहे

व्यापार

- एसबीआई का मुनाफा 14% बढ़कर 23,038 करोड़ः दूसरी तिमाही में ब्याज से कमाई 15% बढ़ी
- भारत में ब्रिटेन से बल्क स्कॉच-व्हिस्की का इंपोर्ट 1000% बढ़ा ट्रेड डील के बाद इंपोर्ट ड्यूटी 150% से घटकर 75% हुई

कार्टून..



9 दिन में टोक्यो से हिरोशिमा तक 5 शहर घूमने का मौका

आईआरसीटीसी कराएगा जापान की सैर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

19 से 27 अप्रैल तक चलेगा जापान का नौ दिवसीय सफर

आईआरसीटीसी का यह टूर 19 अप्रैल 2027 को दिल्ली से शुरू होगा और 27 अप्रैल को वापसी के साथ पूरा होगा। यात्रियों को दिल्ली से ऑल निप्पॉन एयरवेज की इकॉनमी क्लास फ्लाइट के जरिए टोक्यो ले जाने की योजना है। यात्रा के दौरान पांच शहरों को शामिल किया गया है, ताकि पर्यटक जापान की आधुनिक जीवनशैली के साथ उसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को भी समझ सकें। टोक्यो इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण रहेगा। यहां आधुनिक इमारतों, व्यस्त बाजारों और तकनीक से जुड़ी जीवनशैली के साथ पारंपरिक धार्मिक स्थलों को देखने का अवसर मिलेगा। इसके बाद यात्रा में हमामात्सू, क्योटो, ओसाका और हिरोशिमा जैसे शहर शामिल होंगे। अलग-अलग शहरों का यह अनुभव यात्रियों को जापान के विविध रंगों से परिचित करा सकता है।

विदेश घूमने का सपना देखने वालों के लिए जापान हमेशा से आकर्षण का केंद्र रहा है। एक ओर यहां टोक्यो जैसे आधुनिक महानगर की चमक-दमक है, तो दूसरी ओर प्राचीन मंदिर, खूबसूरत प्राकृतिक नजारे, पारंपरिक संस्कृति और दुनिया की तेज रफ्तार बुलेट ट्रेन का रोमांच भी है। जापान की यात्रा की योजना बनाते समय अक्सर सबसे बड़ी चुनौती फ्लाइट, होटल, वीजा, स्थानीय परिवहन और खाने-पीने की व्यवस्था को लेकर आती है। अलग-अलग बुकिंग और खर्च का हिसाब कई बार यात्रा की तैयारी को मुश्किल बना देता है। ऐसे में भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी आईआरसीटीसी का नया जापान टूर पैकेज उन यात्रियों के लिए खास विकल्प बन सकता है, जो एक व्यवस्थित यात्रा के माध्यम से जापान के प्रमुख शहरों को करीब से देखना चाहते हैं।

आईआरसीटीसी की ओर से प्रस्तावित यह नौ दिवसीय यात्रा 19 अप्रैल से 27 अप्रैल 2027 तक चलेगी। दिल्ली से शुरू होने वाले इस टूर में यात्रियों को जापान के पांच प्रमुख शहरों टोक्यो, हमामात्सू, क्योटो, ओसाका और हिरोशिमा की सैर कराई जाएगी। पैकेज में अंतरराष्ट्रीय उड़ान, चार सितारा होटल में ठहरने, भोजन, स्थानीय परिवहन और गाइड जैसी सुविधाएं शामिल बताई गई हैं। हालांकि, इस यात्रा का खर्च प्रति व्यक्ति लाखों रुपये तक पहुंचता है, इसलिए बुकिंग से पहले इसकी पूरी जानकारी समझना जरूरी है।

राजस्थान में रेलवे ट्रैक पर ब्लास्ट

200 मीटर दूर तक धमाका सुनाई दिया, 4 ट्रेन कैंसिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अनूपगढ़

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में रेलवे लाइन पर मंगलवार रात 9.45 बजे ब्लास्ट हो गया। अनूपगढ़-सूरतगढ़ ट्रैक पर धमाके से पहले रात 9 बजे पैसेंजर ट्रेन गुजरी थी। धमाके की आवाज 200 मीटर दूर तक सुनाई दी। ब्लास्ट के कारण पटरी के नीचे लगे सीमेंट के दो ब्लॉक पूरी तरह से टूट गए। पटरियों के बीच 2 फीट गहरा गड्ढा हो गया। ब्लास्ट की जानकारी के बाद आईबी, सीआईडी और एंटी टेरेरिस्ट स्क्वॉड के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। बुधवार सुबह 9 बजे तक इस लाइन पर ट्रैफिक बंद किया गया है। बुधवार को इस रूट की 4 ट्रेन कैंसिल की गईं। रात करीब 2 बजे आईबी और सीआईडी की टीम मौके पर पहुंची। सवा दो बजे एटीएस के एडिशनल एसपी सुरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। श्रीगंगानगर एसपी हरिशंकर ने कहा- ब्लास्ट की तीव्रता कितनी थी और रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाने के पीछे किसका हाथ है, इसकी जांच की जा रही है। एफएसएल की टीम यहां से सैंपल लेकर जांच करेगी। रामसिंहपुर सीआई राम प्रताप ने बताया- मंगलवार रात 8:30 बजे अनूपगढ़ जंक्शन से सूरतगढ़ की ओर जाने वाली ट्रेन रवाना हुई थी।

एप्पल ला रहा घर के काम करने वाला रोबोट

9 इंच की घूमने वाली स्क्रीन और सेंसर से होगा लैस, 2027 में लॉन्च की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टेक्नोलॉजी की दुनिया में अब स्मार्टफोन और कंप्यूटर के बाद घरों को स्मार्ट बनाने की प्रतिस्पर्धा तेज होती दिखाई दे रही है। इसी दिशा में एप्पल एक ऐसे छोटे घरेलू रोबोट पर काम कर रहा है, जो घर के भीतर मौजूद रहकर आसपास के माहौल को समझ सकेगा और जरूरत के अनुसार कुछ काम अपने आप कर सकेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस डिवाइस में 9 इंच की स्क्रीन होगी, जिसे एक मोटराइज्ड घूमने वाली बांह पर लगाया जाएगा। कैमरे और सेंसर की मदद से यह रोबोट कमरे में मौजूद लोगों, पालतू जानवरों और आसपास रखी वस्तुओं को पहचानने के साथ अपनी गतिविधियां तय कर सकेगा। एप्पल इस डिवाइस को 2027 में अमेरिकी बाजार में उतारने की तैयारी कर रहा है। इसकी संभावित कीमत करीब 1,000 डॉलर बताई जा रही है। हालांकि तकनीकी विकास और सॉफ्टवेयर से जुड़ी चुनौतियों के कारण लॉन्च 2028 तक टलने की संभावना भी जताई गई है।


द इंफॉर्मेशन की रिपोर्ट के अनुसार, एप्पल अपने मौजूदा होम विव स्मार्ट डिस्प्ले का अधिक विकसित और रोबोटिक संस्करण तैयार कर रहा है। इसका प्रोटोटाइप 9 इंच की स्क्रीन के साथ देखा गया है। यह स्क्रीन एक ऐसी मोटराइज्ड बांह पर लगी होगी, जो 360 डिग्री तक घूम सकेगी। इससे डिवाइस कमरे में मौजूद व्यक्ति की दिशा में अपनी स्क्रीन घुमा सकेगा और अलग-अलग स्थानों से इसे देखा जा सकेगा।

इसका डिजाइन पुराने आई मैक जी4 कंप्यूटर और पिक्सार की चर्चित लूक्सो जेआर लैंप से मिलता-जुलता बताया जा रहा है। यानी यह पारंपरिक रोबोट की तरह किसी इंसान जैसी आकृति वाला नहीं होगा, बल्कि एक स्क्रीन और उसे संभालने वाली चलायमान बांह के रूप में दिखाई देगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, एप्पल इस उत्पाद के लिए होम विव अल्ट्रा और होम विव मेक्स जैसे नामों पर विचार कर रहा है। हालांकि कंपनी ने अभी तक इसके अंतिम नाम, डिजाइन या फीचर्स की आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

कैमरे और सेंसर से समझेगा घर का माहौल

इस रोबोट की सबसे महत्वपूर्ण खासियत इसके कैमरे और सेंसर होंगे। इनकी मदद से यह अपने आसपास की गतिविधियों को समझने और परिस्थितियों के अनुसार प्रतिक्रिया देने में सक्षम हो सकता है। उदाहरण के लिए, जब कोई व्यक्ति कमरे में प्रवेश करेगा, तो रोबोट अपने आप लाइट चालू कर सकता है। इसी तरह घर में मौजूद पालतू जानवरों की गतिविधियों को पहचानकर उनके रास्ते से हटने या उन्हें हल्के तरीके से रास्ता देने जैसे काम भी कर सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि डिवाइस आसपास रखी वस्तुओं और बाधाओं को पहचानते हुए अपनी स्थिति बदल सकेगा। इसका उद्देश्य घर के भीतर बिना टकराए एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचना और जरूरत के अनुसार स्क्रीन को उपयोगकर्ता की ओर मोड़ना है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि फिलहाल सामने आई जानकारियां विकासाधीन प्रोटोटाइप और रिपोर्ट पर आधारित हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि लॉन्च के समय रोबोट में बताए गए सभी फीचर्स उपलब्ध होंगे या नहीं। एप्पल की ओर से इसकी कार्यक्षमता को लेकर कोई आधिकारिक विस्तृत जानकारी जारी नहीं की गई है।



मंदिर में मांस चढ़ाने वाला शिक्षक गिरफ्तार

पुलिस पूछताछ में बोला- 15 साल से कर रहा तंत्र-मंत्र, राष्ट्रपति पुतिन का नाम लिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अलीगढ़

अलीगढ़ के सिद्धपीठ खेरेश्वर महादेव मंदिर में शिव प्रतिमा पर मांस चढ़ाने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिक्षक ने 31 अक्टूबर की शाम को मंदिर में शिव प्रतिमा पर मांस के टुकड़े चढ़ाए और कोल्ड ड्रिंक की बोतल में लाया गया पेय पदार्थ चढ़ाया था। सफाई के दौरान मांस के टुकड़े मिलने पर प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली।

इसमें एक व्यक्ति यही हरकत करता दिखाई दिया। इसके बाद से मंदिर समिति के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार सुबह करीब 10:15 बजे वही व्यक्ति दोबारा मंदिर पहुंचा। इस बार उसके हाथ में बोतल के साथ छोले-भटूरे, समोसे और अन्य खाद्य सामग्री थी। सेवादारों ने उसे पहचानते ही पकड़ लिया। आरोपी की पहचान अनवारुद्दीन(47) के रूप में हुई है। वह गणेशपुर में प्राइमरी स्कूल में सस्पेंड शिक्षक है और वर्तमान में धौर्रा में रहता है। पुलिस ने बताया- पूछताछ में आरोपी ने पिछले करीब 15 साल से तंत्र-मंत्र के लिए इस तरह की पूजा करने की बात स्वीकार की है। एएसपी सृष्टि जैन ने कहा- मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

मंदिर परिसर में पकड़े जाने के बाद जब उससे सवाल किए गए तो उसके जवाब भी चौंकाने वाले थे। उससे पूछा गया कि वह मांस लेकर मंदिर क्यों आया था और किसने ऐसा करने को कहा था? इस पर वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन का नाम लेने लगा। उसने कहा- पुतिन ने उससे ऐसा करने को कहा था और भोलेनाथ ने उसे बुलाया था। उसने खुद को बेसिक स्कूल का शिक्षक भी बताया। हालांकि, उसके इन बयानों की वास्तविकता और घटना के पीछे की वजह की पुलिस जांच कर रही है।



मंदिर संरक्षक बोले- सफाई में मिले ये मांस के टुकड़े

मंदिर के संरक्षक पंडित दयानंद भारती ने बताया कि 31 अक्टूबर को सेवादार सफाई कर रहे थे, तभी शिवलिंग के पास मांस के टुकड़े मिले। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। फुटेज में एक व्यक्ति मांस चढ़ाकर जाता दिखाई दिया। मंदिर के सेवादार लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार को दोबारा मंदिर पहुंचने पर उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

यूपी के 10 जिलों में कोहरा, दिल्ली में एक्यूआई 605

आंध्र में मुरासु तूफान के चलते 35 ट्रेनें रद्द, 12 हजार लोग राहत शिविरों में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश में चक्रवाती तूफान मुरासु ने भारी तबाही मचाई है। तूफान से 2 लोगों की मौत हो गई और 52 हजार हेक्टेयर से ज्यादा फसलें बर्बाद हो गईं। इसके कारण 35 से ज्यादा ट्रेनें रद्द करनी पड़ी हैं।

12,230 लोगों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, तूफान से राज्य को करीब 344 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बुधवार को भी आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में भारी बारिश हो सकती है।

उत्तर प्रदेश में ठंड ने दस्तक दे दी है। बीते 24 घंटों में तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। बुधवार सुबह लखनऊ, वाराणसी, मुरादाबाद, बिजनौर और हापुड़ समेत 10 से अधिक जिलों में कोहरा छाया है। अगले 48 घंटे में पूर्वांचल के जिलों में बारिश की संभावना है। दिल्ली में बुधवार सुबह वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। सुबह 7:41 बजे राजधानी का कुल एयर क्वालिटी इंडेक्स 605 दर्ज किया गया। इंडिया गेट के आसपास के इलाके में एयर क्वालिटी इंडेक्स 414 दर्ज किया गया है। इसे गंभीर श्रेणी में रखा गया है।

बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन, सड़कों पर उतरे लोग

आगजनी के बाद 600 से अधिक फैक्ट्रियां बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ढाका

बांग्लादेश में न्यूनतम मासिक वेतन को 12,500 टका (रुपये) से बढ़ाकर 30,000 टका करने की मांग को लेकर गारमेंट कर्मचारियों का आंदोलन हिंसक हो गया है। राजधानी ढाका, गाजीपुर और सावर-अशुलिया में आगजनी, हाईवे जाम और पुलिस के साथ हुई झड़पों के बाद 600 से अधिक कारखानों में कामकाज पूरी तरह बंद हो गा है।

कारखानों में कामकाज बंद होने से 17 लाख कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले छोड़े गए और अब तक 82 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।



दरअसल, बांग्लादेश में शनिवार और रविवार को हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद सोमवार को कपड़ों की फैक्ट्रियों में काम कुछ समय के लिए फिर से शुरू हुआ, लेकिन मजदूरों और पुलिस के बीच नई झड़पों के कारण सैकड़ों फैक्ट्रियों को अपना उत्पादन फिर से रोकना पड़ा।

क्या है वर्करों की मांग

बांग्लादेश में गारमेंट कर्मचारियों की सैलरी 12,500 टका है। कर्मचारी 30,000 टका के मासिक न्यूनतम वेतन की मांग कर रहे हैं। उनकी यह मांग ऐसे समय में आई है जब सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए एक नए वेतनमान की घोषणा की है, जिससे उनके वेतन और भत्तों में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। हालांकि, फैक्ट्री मालिकों का कहना है कि उन्हें घटते ऑर्डर, उत्पादों की स्थिर कीमतों और आयातित कच्चे माल की बढ़ती लागत जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने तर्क दिया है कि मौजूदा हालात में कर्मचारियों की मांग पूरी करना मुश्किल होगा।

शूटआउट के आरोपी की पुलिस फायरिंग में मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुवाहाटी

असम के शिवसागर जिले में बुधवार को पुलिस फायरिंग में गुवाहाटी शूटआउट के आरोपी घनकांत गोगोई की मौत हो गई। उस पर गुवाहाटी के एक होटल में 5 लोगों की हत्या का आरोप था।

पुलिस के मुताबिक, गोगोई को गुवाहाटी से शिवसागर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने एक पुलिस अधिकारी की सर्विस पिस्टल छीनने की कोशिश की। इसके बाद पुलिसकर्मी ने उस पर गोली चलाई। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना में सब-इंस्पेक्टर देबाशीष शर्मा के दाहिने पैर में चोट आई है। शिवसागर ररढ पापोरी चेतिया ने बताया कि रक की हालत स्थिर है। एसएसपी पापोरी चेतिया के मुताबिक, गोगोई को शिवसागर पुलिस स्टेशन में दर्ज केस नंबर 108/26 के सिलसिले में गुवाहाटी से शिवसागर लाया जा रहा था। रास्ते में फूलपनिचिगा इलाके में उसने पुलिस वाहन से उतरकर शौच जाने की बात कही। गाड़ी से उतरते ही उसने सब-इंस्पेक्टर देबाशीष शर्मा की सर्विस पिस्टल छीनने की कोशिश की। शर्मा इस मामले के जांच अधिकारी भी हैं। एसएसपी ने बताया कि गोगोई प्रशिक्षित शूटर था।

देश की पहली समुद्री रेल सुरंग

नवी मुंबई में जमीन से 114 मीटर नीचे, 1200 लोग काम में जुटेंगे, दो बुलेट ट्रेनें एक साथ गुजरेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नवी मुंबई


नवी मुंबई के सावली में देश की पहली बुलेट ट्रेन के लिए समुद्र के नीचे सुरंग बनाई जा रही है। यह काम जमीन से 114 मीटर नीचे चल रहा है यानी इतनी गहराई, जितनी 35 मंजिला ऊंची इमारत होती है।

भारी गर्मी और घुटन के बीच करीब 1,200 मजदूर और इंजीनियर दिन-रात इस काम में जुटे हैं। सावली से शीलफाटा के बीच 4.8 किलोमीटर लंबी सुरंग पहले ही तैयार हो चुकी है। अब समुद्र के अंदर 7 किलोमीटर लंबी सुरंग खोदी जा रही है, जिसके लिए 3,000 टन भारी मशीन लगातार खुदाई कर रही है। आमतौर पर मेट्रो के आने-जाने के लिए दो अलग सुरंगे बनती हैं, लेकिन यहां एक ही चौड़ी सुरंग के अंदर से दोनों तरफ की बुलेट ट्रेनें निकलेंगी। समुद्र के नीचे ट्रेन की रफ्तार 180 से 280 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी, जबकि बाहर आते ही यह 320 किलोमीटर प्रति घंटे की टॉप स्पीड पकड़ेगी।

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन की 21 किमी लंबी टनल का सबसे अहम हिस्सा सावली से विक्रोली (9.7 किमी) है। समुद्री टनल इसी का मुख्य भाग है। इसमें 7 किलोमीटर का हिस्सा पूरी तरह पानी की ऊपरी लेयर से 5 से 8 मी. तक नीचे होगा। यहां अभी 10% काम हो चुका है। काम देर से शुरू हुआ, क्योंकि चीन से टीबीएम इसी मार्च में मिली। समुद्री टनल 30 महीने में बनने की उम्मीद है। फिर बीकेसी से विक्रोली (4.8 किमी) का रूट है। यह 20 माह में बनेगा। जबकि सावली से शीलफाटा तक की टनल 4.8 किमी बन चुकी है।

पानी का दबाव और कंपन रोकना बड़ी चुनौती

ऊपर आबादी, नीचे सुरंगः विक्रोली से बीकेसी के बीच इमारतों, फ्लाईओवरों को कंपन से बचाने के लिए टीबीएम की गति 4 आरपीएम पर सेट है। जमीन पर रियल-टाइम सेटलमेंट सेंसर 24 घंटे हलचलों की निगरानी कर रहे हैं।
पानी का दबावः गीली मिट्टी और भारी जलदाब के कारण समुद्री सुरंग में पानी भरने का जोखिम है। इससे बचने 'स्लरी बेस्ड मिक्स शील्ड टीबीएम' चल रही है, जो मिट्टी-पानी के गाढ़े घोल की मदद से खुदाई कर रही है।



महाकाल श्रृंगार



चांदी का मुकुट, मुंडमाल और रुद्राक्ष धारण कर दिए दर्शन

अपनेतक

दिखावे की दिवाली : रिश्तों से ज्यादा सामान पर निवेश!

दीपावली मूल रूप से खुशियां बांटने, रिश्तों को जोड़ने और जीवन में नई ऊर्जा का संचार करने का त्योहार है, लेकिन बदलते समय के साथ त्योहार मनाने का तरीका भी बदलता जा रहा है। आज दीपावली की तैयारियों में उपयोगिता से ज्यादा दिखावे का दबाव दिखाई देने लगा है। किसने कितना महंगा सामान खरीदा, किसके घर की सजावट कितनी भव्य है, किसने कितनी बड़ी मिठाई की टोकरी भेजी और किसकी खरीदारी कितनी महंगी रही, त्योहार की खुशियां कहीं इन तुलनाओं के बीच उलझती नजर आ रही हैं।

बाजार ने भी हमारी भावनाओं को खरीदारी से जोड़ दिया है। घर में पहले से मौजूद सामान के बावजूद नया फर्नीचर, महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, ब्रांडेड कपड़े, सजावट और उपहार खरीदने की होड़ लगी है। कई बार जरूरत न होने पर भी केवल इसलिए खर्च किया जाता है कि समाज और रिश्तेदारों के बीच हमारी प्रतिष्ठा बनी रहे। सोशल मीडिया ने इस दिखावे को और बढ़ा दिया है। घर की सजावट से लेकर पूजा की थाली तक, अब कई चीजें खुशियों से ज्यादा तस्वीरों और तारीफों के लिए तैयार होती हैं।

सवाल यह नहीं है कि दीपावली पर खरीदारी क्यों की जाए। त्योहार पर नया सामान खरीदना, घर सजाना और अपनों को उपहार देना हमारी परंपरा और खुशी का हिस्सा है। सवाल यह है कि क्या इस सबके बीच हम त्योहार का वास्तविक उद्देश्य भूलते जा रहे हैं? क्या रिश्तों में मिठास बनाए रखने से ज्यादा महंगे उपहार देना जरूरी हो गया है? क्या परिवार के साथ बैठकर कुछ पल बिताने से ज्यादा जरूरी घर को दूसरों से बेहतर दिखाना हो गया है?

एक ओर हम हजारों रुपये सजावट और खरीदारी पर खर्च कर देते हैं, वहीं दूसरी ओर हमारे आसपास ऐसे परिवार भी हैं जिनके बच्चों के लिए दीपावली पर मिठाई और नए कपड़े जुटाना मुश्किल होता है। क्या हमारी खुशियों में उनका हिस्सा नहीं होना चाहिए? किसी जरूरतमंद के घर एक दिया जलाना, किसी बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लाना और किसी अकेले बुजुर्ग के साथ कुछ समय बिताना शायद उस महंगे उपहार से कहीं अधिक मूल्यवान है, जिसकी कीमत कुछ दिनों बाद भुला दी जाती है।

दीपावली की सार्थकता घर में कितनी रोशनी की गई, इसमें नहीं बल्कि हमारे कारण कितने जीवन रोशन हुए, इसमें है। सामान पर निवेश से घर भर सकता है, लेकिन रिश्तों पर निवेश से जीवन भरता है। इस बार दीपावली पर खरीदारी जरूर करें, खुशियां भी मनाएं, लेकिन दिखावे की दौड़ में अपनी सामर्थ्य, संवेदनाएं और रिश्ते पीछे न छूटने दें।

आखिर विचार करने वाली बात यही है कि हम दीपावली मना रहे हैं या दीपावली के नाम पर अपनी हैसियत का प्रदर्शन कर रहे हैं? त्योहार तब सार्थक होगा, जब हमारे घर का दिया जलने के साथ किसी दूसरे के घर का अंधेरा भी दूर हो। इस दीपावली घर को सामान से नहीं, रिश्तों से सजाएं और रोशनी केवल अपने आंगन में नहीं, किसी जरूरतमंद के जीवन में भी करें।

छात्र राज भोगे ने जिला स्तरीय युवा संसद में पाया दूसरा स्थान

उज्जैन। मक्सी रोड स्थित आईटीआई में आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद-संसद 2027 की भाषण प्रतियोगिता में माधव साइंस कॉलेज के छात्र राज भोगे ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। प्रतियोगिता में कॉलेज के ही छात्र लक्ष्य परमार ने भी सहभागिता कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। छात्र की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास, प्रो. शशि जोशी एवं महाविद्यालयीन परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

गुस्साए आयुक्त... धीमी गति ,लापरवाही का काम देख ठेकेदारों पर पैनल्टी की कार्यवाही की गई

टाटा सहित 3 ठेका एजेंसियां एवं एक कंसलटेंट को झटका



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा गुस्सा गए हैं। उन्होंने सीधे झसीधे ऐसे ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने का काम शुरू कर दिया है। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान ऐसी ही स्थितियों के चलते टाटा सहित 3 ठेका एजेंसियों पर 65 लाख एवं एक कंसलटेंट एजेंसी पर एक लाख का जुमार्ना लगाया गया है।

सिंहस्थ में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं बेहतर यातायात प्रबंधन को लेकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर चौड़ीकरण कार्य प्रचलित हैं। मंगलवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों के साथ प्रमुख सड़क चौड़ीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया । आयुक्त श्री मिश्रा ने प्रत्येक स्थल पर कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों से कार्य की विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सिंहस्थ महापर्व का समय नजदीक है, इसलिए सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में ही पूर्ण किए जाएं। जिन कार्यों में अपेक्षित गति नहीं है, वहां अतिरिक्त श्रमिक एवं आवश्यक संसाधन बढ़ाते हुए कार्य की गति तत्काल बढ़ाई जाए। निर्माण कार्य के दौरान मलबे को हटाए एवं नाली निर्माण ,सड़क निर्माण, पोल शिफ्टिंग, नल कनेक्शन आदि कार्यों को गति प्रदान करे। ने चौड़ीकरण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा लापरवाही पाए जाने पर पैनल्टी की कार्यवाही की ।

ठेकेदार पर 20 लाख, कंसल्टेड पर 1 लाख -

नीलकंठ से महाकाल चौराहे पर प्रचलित चौड़ीकरण कार्य लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से 370 मीटर लंबे मार्ग को 24 मीटर चौड़ा किए जाने का है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि तुड़ाई कार्य के दौरान पड़े मलबे को ठेकेदार संसाधनों से तुरंत हटाएं। तुड़ाई कार्य के पश्चात ले आउट के अनुसार 100 मीटर की नाली निर्माण का कार्य पूर्ण करे। चौड़ीकरण मार्ग पर भवनों की तुड़ाई कार्य में धीमी गति एवं लापरवाही पाए जाने पर निगम आयुक्त ने सम्बन्धित एजेंसी योगेश इंटरप्राइजेस पर 20 लाख की पेनल्टी सहित कंसलटेंट एजेंसी टेक्नोजेम पर ड्राइंग डिजाइन नहीं रखे जाने पर 1 लाख की पेनल्टी की गई।

24 खंबा से हरसिद्धि पाल

यह मार्ग 650 मीटर लंबा है एवं 18 मीटर चौड़ाई के साथ चौड़ीकरण किया जा रहा है। निगम आयुक्त द्वारा मार्ग पर शेष भवनों की तुड़ाई कार्य को गति बढ़ाए जाने के साथ नाली निर्माण के दौरान प्री कास्ट करने ,नल कनेक्शन, सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

मानवता के पुजारी

जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता के लिए सदैव रहते तत्पर



आज के इस व्यावसायिक युग में ऐसे भी कुछ इंसान मौजूद हैं, जो दूसरों की सहायता बिना किसी स्वार्थ, बिना किसी दिखावे के गुपचुप तरीके से करते हैं। ऐसे ही नेकदिल, मिलनसार, हृदय से उदार और हर किसी के चहेते व्यक्तित्व हैं आदरणीय उमेश जी लिटोरिया साहब।

उमेश जी, जो एक सफल बिल्डर होने के साथ-साथ देवासरोड स्थित साँई विहार कॉलोनी के निवासी है और समाजसेवा के क्षेत्र में भी एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। आपके द्वारा अनेक जरूरतमंद बच्चों को स्कूली सत्र शुरू होने पर किताबें और स्टेशनरी दी जाती रही । उमेश भैया ने कुछ जरूरतमंद बालिकाओं की पूरे वर्ष की स्कूल फीस भी भरी । कुछ विद्यार्थियों के स्कूल उनके घर से दूर थे और घर की आर्थिक स्थिति ऐसी भी नहीं थी कि उनके परिजन साइकल उपलब्ध करा सकें। परिस्थिति संज्ञान मे आने पर उमेशजी ने कई बच्चों को साइकिल उपलब्ध करवाकर उनकी शिक्षा की राह को आसान बनाया । आपकी यह पहल केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उमेशजी की विशेषता ये है कि दिखावे से दूर रहते हुए वे सहायता की गंगा बहाते रहते हैं। दैनिक ब्रह्मास्त्र ने जब उनसे चर्चा की तो उनका कहना था कि

इसके साथ ही कॉलोनीवासियों के प्रत्येक कार्य में आपका सहयोग, सेवा भावना और सदैव मदद के लिए तत्पर रहना आपकी नेकदिली को दशार्ता है। सच्ची समाजसेवा वही है, जिसमें मदद करने वाला गुमनाम रहे, लेकिन मदद पाने वाले के जीवन में खुशियों की रोशनी फैल जाए। उमेश जी, आपके ऐसे निस्वार्थ और प्रेरणादायी कार्यों को हृदय से नमन। ईश्वर आपको सदैव स्वस्थ, प्रसन्न और ऊजार्वान रखे, ताकि आपके माध्यम से जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों का उजाला फैलता रहे। आपकी नेकदिली और सेवा भावना को कोटि-कोटि प्रणाम।

ए आई का प्रयोग शिक्षण व अनुसंधान के क्षेत्र मे विषय पर चर्चा करेंगे

विशेष बच्चों के पुनर्वास मे आर्टिफिशल इंटेलिजेंसी की उपादेयता पर होगी चर्चा

समापन सत्र मे फादर टॉम जार्ज एआई द्वारा विशेष विद्यार्थियों का पुनर्वास विषय पर बोधगम्य उद्बोधन देंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर मे विगत कई वर्षों से दिव्यांग बच्चों को विशेष प्रशिक्षण द्वारा आत्मनिर्भर बनाने मे संलग्न संस्था मनोविकास द्वारा शहर के प्रथम बिशप जान पेरूमट्टम की स्मृति मे दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने जा रही है। एआई अथार्त आर्टिफिशल इंटेलिजेंसी की उपयोगिता पर आधारित इस राष्ट्रीय संगोष्ठी मे दिनांक 4 नवंबर को एआई के विषय विशेषज्ञ शिक्षा के क्षेत्र मे कार्यरत शिक्षकों और समाजसेवियों को मार्गदर्शन देंगे।

संगोष्ठी की जानकारी देते हुए मनोविकास शिक्षा महाविद्यालय के निदेशक फादर टॉम जार्ज ने बताया कि 4 नवंबर को संगोष्ठी के दूसरे दिन समावेशी एवं विशेष शिक्षा मे एआई आधारित हस्तक्षेप, प्रारंभिक सहायता और पुनर्वास सेवाओं पर विषय विशेषज्ञ अपने विचार व्यक्त करेंगे। प्रथम सत्र दस बजे शुरू होगा जिसमे दिल्ली से पधारे शिक्षाविद डॉ डी एन सनसनवाला ए आई का प्रयोग शिक्षण व अनुसंधान के क्षेत्र मे विषय पर चर्चा करेंगे। स्पेशल बच्चों के शिक्षण मे ए आई किस प्रकार सहायक होता है इसकी पूरी जानकारी दी जाएगी। दूसरे सत्र मे उडिसा से आई डॉ निवेदिता पटनायक , समावेशी कक्षा मे विभिन्न क्षमताओ एवं आवश्यकताओं वाले बच्चों को एक साथ शिक्षा प्रदान करने मे ए आई की भूमिका पर चर्चा करेंगी ।

अगले सत्र मे डॉ हिमांशु दास द्वारा बच्चों को भाषा विकास, संख्या विकास, सामाजिक व्यवहार , शारीरिक विकास व सीखने की क्षमता से संबंधित जानकारी को व्यवस्थित करने मे ए आई तकनीक की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। एआई आधारित अनुकूलनशील शिक्षण के माध्यम से बच्चा जिस स्तर पर सीख रहा है उसी के अनुरूप अभ्यास व शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने की संभावनाओं को समझाया जाएगा। समापन सत्र मे फादर टॉम जार्ज एआई द्वारा विशेष विद्यार्थियों का पुनर्वास विषय पर बोधगम्य उद्बोधन देंगे। इसका उद्देश्य विशेष बच्चों को स्वाभिमान के साथ आत्मनिर्भर होकर जीवन जीना सिखाना होगा।

कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री मथुरा जाकर कान पकड़कर मांगें माफी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन


आस्था हरिसुमिरन आध्यात्मिक संस्था और गीता रामायण प्रचार-प्रसार भक्त मंडल के अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर व सचिव डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय ने कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण पर की गई टिप्पणी का कड़ा विरोध किया है।

पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति के आराध्य और विश्व को गीता का ज्ञान देने वाले भगवान श्रीकृष्ण पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले कथावाचक को शर्म आनी चाहिए। एक ओर शास्त्री हिंदू राष्ट्र की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर सनातन देवताओं का उपहास करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की मुद्राओं को टेढ़ा-मेढ़ा बताना सनातन धर्म पर कुठाराघात है। स्वयं को हनुमान का भक्त बताने वाले कथावाचक को अपने आराध्य से मयार्दा का ज्ञान सीखना चाहिए और फिर जनता को उपदेश देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद केवल माफी मांग लेना काफी नहीं है। भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जयिनी के लोग इस टिप्पणी से आहत हैं। यदि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को वास्तव में अपने कथनी पर पछतावा है, तो उन्हें श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा जाकर पवित्र यमुना का जल हाथ में लेकर कान पकड़कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

दीपावली विशेष

धनतेरस पर करें ये उपाय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के विविध उपाय पुरातन धार्मिक ग्रंथों मे बताए गए हैं। धनतेरस से ही दीपावली का आगाज हो जाता है। इस दिन कुछ छोटे छोटे उपाय करके हम वर्षपर्य?त सुख व समृद्धि प्राप्त कर सकते हैं। सबसे पहले एक लाल कपडा लें और उसमे पांच गोमती चक्र, पांच कौडी ,पांच साबुत हल्दी की गांठ रखें, एक धातु का सिक्का भी रखें। रोली अक्षत ,कुंकुम से पूजा करें और पोटली को बांधकर अपनी तिजोरी या केश बाक्स मे रख दें। मां लक्ष्मी सदैव प्रसन्न रहेंगी। ये छोटा व सरल उपाय अवश्य करें।

जरूरतमंदों के घर भी जले खुशियों के दीप, जीविषा संस्था ने मनाई सार्थक दिवाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली का पर्व हर घर में खुशियां और रोशनी लेकर आए, लेकिन समाज में ऐसे अनेक परिवार भी हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण वे त्योहार की खुशियां ठीक से नहीं मना पाते। वनवासी एवं आदिवासी क्षेत्रों से आने वाले जरूरतमंद बच्चों और दिव्यांग परिवारों के घर भी खुशियों का दीप जले, इसी भावना के साथ शहर की वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सतिंदर कौर सलूजा ने संस्था जीविषा के माध्यम से सार्थक दिवाली मनाने की पहल की।

अमलतास हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी आयोजित

चिकित्सा सेवा के संकल्प के साथ नए सफर की शुरूआत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अमलतास हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज, उज्जैन में मेडिकल विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी (श्वेत कोट समारोह) का आयोजन किया गया। समारोह में नवप्रवेशित मेडिकल विद्यार्थियों को सफेद कोट पहनाकर चिकित्सा शिक्षा के नए सफर की शुरूआत कराई गई।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को चिकित्सा पेशे की गरिमा, मानवीय संवेदनाओं और मरीजों के प्रति जिम्मेदारी का महत्व बताया गया। सफेद कोट केवल डॉक्टर की पहचान नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, अनुशासन और विश्वास का प्रतीक है। विद्यार्थियों ने चिकित्सा



क्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा और सेवाभाव के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

समारोह में संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक, प्रबंधन, फैकल्टी सदस्य, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल एक कुशल डॉक्टर बनना नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार चिकित्सक तैयार करना भी है।

जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली ताकत, युवाओं को दिया मतदान का संदेश

उज्जैन। माय भारत केंद्र उज्जैन की ओर से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई में युवा संवाद विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को मतदाता अधिकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जागरूक करना था। मुख्य अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया ने युवाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े युवाओं के सवालों के जवाब दिए और उन्हें जिम्मेदार मतदाता बनकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया।

बाजार हुए गुलजार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सुबह से ही शहर मे उत्साह का वातावरण देखने को मिल रहा है। बाजार सजधज कर तैयार हैं। दीपावली की सजावट का सामान व परम्परागत पूजन की सामग्री की दुकानें सभी को मोह रही हैं। आजकल मौसमी व्यापार भी नये रूप मे देखने को मिल रहा है। बिजनेस आज आगेर्नाइज्ड है। एक ही दुकान पर पूजन और सजावट की समस्त सामग्री बिक रही है। दुकानों पर झाडू से लेकर मोरपंख, मिट्टी के दीपक , श्रृंगार का सामान, सजावट के कृत्रिम फूल, वंदना व मालाएं बिकती नजर आ रही हैं। एक और नया बदलाव देखने को मिल रहा है। अब दुकानें अलसुबह से ही खुल रही हैं ताकि सुबह टहलने वाले लोग भी सामग्री खरीदते हुए अपने घर जाएं। प्रातः टहलने वाले और व्यायामशाला जानेवालों का एक बडा वर्ग उभर कर सामने आया है ऐसे मे तडके बिक्री की संभावनाएं बढ गई हैं।

सुरक्षा की अनदेखी और काल के ग्रास बने चार सफाईकर्मी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूंजीवाद की कहानी बयां करती बडी होटल्स और रेस्टोरेंट मे आधुनिक लोग लजीज खाना खाने और मौजमस्ती के लिए जाते हैं। होटल मालिक गाढी कमाई भी करता है किन्तु अपने कर्मचारियों के जीवन को लेकर वो कितना संवेदनशील और गंभीर है इसकी दुखद व करूण दास्तां बयां कर रही है होटल श्री गंगा की त्रासदी जिसमे चार परिवारों के चिराग हमेशा के लिए बुझ गए। किसी बूढे मां बाप की बुढापे की लाठी छिन गई तो किसी महिला का सुहाग उजड गया तो कुछ नन्हे बच्चों के सिर पर से पिता का साया असमय ही छिन गया। फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड अथारिटी ऑफ इंडिया की बकायदा गाइडलाइन है जिसमे कर्मचारियों की सुरक्षा के नियम बिन्दुवार हैं। इन नियमों का कितना पालन रेस्टोरेंट व होटलवाले कर रहे हैं ये एक विचारणीय पहलू है। नियमों का सख्ती से पालन करानेवाले सरकारी महकमे के आला अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कितनी इमानदारी से करते हैं वह इस हादसे से स्पष्ट नजर आ रहा है। श्रीगंगा रेस्टोरेंट मे जो फूड वेस्ट के चेम्बर बनाए गए वे क्या निर्धारित मानक के अनुरूप थे ? सबसे महत्वपूर्ण बात



है कि ऐसे चेम्बर की सफाई प्रशिक्षित सफाईकर्मियों से करवाने का प्रावधान होता है जिनको पहले से इसकी समुचित ट्रेनिंग दी जाती है। गाइडलाइन मे दी हुई खाद्य अपशिष्ट पृथक्करण और परिवेशीय स्वच्छता की नियमावली के पालन का ध्यान रखा गया होता तो चार लोग असमय ही कालकवलित नहीं होते।

फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड अथारिटी आफ इंडिया के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम किचन स्टाफ और अपशिष्ट पृथक्करण और परिवेशीय स्वच्छता मे रत कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण। कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण की व्यवस्था करना और कार्य करते समय उनका समुचित प्रयोग इसमे भी पृथक पृथक बिन्दु हैं।

फूड वेस्ट सिग्रेगेशन अथार्त ठोस खाद्य अपशिष्ट पृथक्करण मे रत कर्मचारी काम करते समय हाथों मे उच्च गुणवत्ता के मानक ग्लोब्स (दस्ताने) पहनकर काम करें। ये स्थिति अनुरूप वाटरप्रूफ भी रहें।

स्लिप रेसिस्टेंट बूट अथार्त बिना फिसलन वाले बूट पहनकर कर्मचारी अपशिष्ट निस्तारण वाली जगह पर काम करें। काम करते समय मुंह पर मास्क लगाकर रखें। आंखों की सुरक्षा हेतु मानक चश्मे पहनें इन सुरक्षा उपकरणों की समय समय पर जांच हो कि वे खराब तो नहीं हो गए हैं। खराब होने पर उन्हें रिप्लेस किया जाए। कचरे के हौज या चेम्बर को क्षमता से अधिक न भरें। हौज के आसपास पानी से नियमित सफाई की जाए। होटल का किचन ऐसे कचरे के हौज से दूर हो।

नियमों का पालन देखना किसकी जिम्मेदारी

गौरतलब है कि होटल व रेस्टोरेंट के कर्मचारियों की सुरक्षा के नियम तो बहुत अच्छे हैं किन्तु इनकी मानीटरिंग करने की व्यवस्था मे बहुत से सूराख हैं तभी तो ऐसे हादसे घटित हो जाते हैं। नगरनिगम का अमला इन नियमो के पालन को लेकर कितना गंभीर और मुस्तैद है ये बात किसी से छुपी नहीं है।

सांप निकलने के बाद लकीर पीटी जाती है

शहर के बाशिंदों की सुरक्षा को लेकर संबंधित शासकीय महकमे के कर्मचारी यदि सचेत होते तो आदमी की जान इतनी सस्ती न होती । हादसे घटित होने के बाद सतर्क होकर कुछ दिनों तक जांच की मुहिम चलाई जाती है फिर वही गिल्ली और,डंडा रह जाता है मतलब सांप निकलने के बाद लकीर पीटने से क्या हांसिल होता है? शायद कुछ नहीं। मानव निर्मित त्रुटि और दुर्घटना का खामियाजा बेबस गरीब वर्ग भुगत रहा होता है और बाबा की नगरी मे फिर वही राग ₹ बोलो बम रहो मगन।₹ सभी दीपावली के आमोद प्रमोद मे व्यस्त हो जाएंगे किन्तु दुर्घटना मे मारे गए युवकों के परिजनों के आंसू बहते रहेंगे और ये पूछते रहेंगे कि आखिर इनका दोष क्या था ?

उज्जैन
बुधवार
04
नवम्बर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

मुखपूरं न भुञ्जीत सशब्दं प्रसृताननम्।
प्रलम्बपादं नासीत न बाहू मर्दयेत् समम्॥
अर्थः मुंह में ठूंसकर, चप-चप जैसी आवाज के साथ एवं मुख पूरा फैलाकर भोजन नहीं करना चाहिए। पैर फैलाकर बैठने से भी बचे और दोनों बांहों को साथ-साथ न मरोड़े।

खबर एक नजर...

हथियारबंद बदमाशों ने गोडाउन में लूट की

इंदौर। मंगलवार सुबह करीब 4:30 बजे बदमाशों ने दो अलग-अलग इलाकों में चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम दिया। खनूजा ग्राउंड के पास हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने गोडाउन के ताले तोड़कर नकदी लूट ली। वहीं, खातीवाला टैंक स्थित नया पैलेस की बहुमंजिला इमारत में बंद फ्लैट का ताला तोड़कर करीब 3.50 लाख रुपए नकद चोरी कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पहली वारदात खनूजा ग्राउंड के पास स्थित एक मकान और गोडाउन की है। मकान मालिक के किराएदार राहुल बजाज के गोडाउन को बदमाशों ने निशाना बनाया। मंगलवार तड़के करीब 4:30 बजे एक बाइक पर सवार होकर आए तीन नकाबपोश बदमाशों ने गोडाउन के ताले तोड़े और अंदर रखी नकदी लूटकर फरार हो गए। बदमाशों के पास हथियार भी थे। मकान में लगे चार उउळश कैमरों में वारदात कैद हो गई। फुटेज में तीनों बदमाश बाइक से आते, हथियारों के साथ अंदर घुसते और वारदात को अंजाम देकर निकलते दिखाई दे रहे हैं। दूसरी वारदात खातीवाला टैंक स्थित नया पैलेस बहुमंजिला इमारत में हुई। यहां रहने वाली सुशीला रत्नाने के बंद फ्लैट का ताला तोड़कर बदमाशों ने करीब 3 लाख 50 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। सुशीला सोमवार रात पास में रहने वाली अपनी बेटी के घर गई थीं। मंगलवार सुबह लौटने पर उन्हें मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला भी टूटा था और उसमें रखी नकदी गायब थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

सोनू सूद ने इंदौर के रवि दांगी को सम्मानित किया

इंदौर। इंदौर कोचिंग ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर रवि दांगी को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में अभिनेता एवं समाजसेवी सोनू सूद ने सम्मानित किया। सोमवार को एसोसिएशन के सक्रिय संचालन और विद्यार्थियों, कोचिंग संस्थानों के साथ समाजहित में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कोरोना महामारी के दौरान एसोसिएशन ने विद्यार्थियों की मदद के लिए विशेष अभियान चलाया था। इस दौरान करीब 5 हजार से 10 हजार विद्यार्थियों तक सहायता पहुंचाने, उन्हें घर भेजने और राशन उपलब्ध कराने जैसे काम किए गए थे। महामारी के कठिन दौर में विद्यार्थियों के सामने आई परेशानियों को देखते हुए एसोसिएशन ने राहत और सहयोग की पहल की थी। शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े इन प्रयासों की भी कार्यक्रम में सराहना की गई। सम्मान मिलने पर रवि दांगी ने कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे कोचिंग परिवार की एकजुटता, विश्वास और सामूहिक प्रयासों का है। उन्होंने यह सम्मान इंदौर के सभी कोचिंग संचालकों, शिक्षकों, एसोसिएशन के सदस्यों, सहयोगियों और विद्यार्थियों को समर्पित किया। दांगी ने कहा कि सभी के सहयोग से ही शिक्षा और समाज के हित में लगातार काम करना संभव हो पाया है। यह सम्मान गर्व के साथ आगे और बेहतर काम करने की नई जिम्मेदारी भी देता है।

मंदिर की दान-पेटी से 25 हजार से ज्यादा चोरी का अनुमान

महू। महू के मालवीय नगर चौराहे के खेड़ापति हनुमान मंदिर में मंगलवार सुबह चोरी हो गई। एक व्यक्ति ने सुबह करीब 4 बजे मंदिर में घुसकर दान पेटी तोड़ी और उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गया। चोरी की वारदात मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। किशनगंज थाना पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार सुबह करीब 4 बजे एक व्यक्ति मंदिर पहुंचा। उसने दान पेटी तोड़कर उसमें रखी नकदी निकाली और मौके से फरार हो गया। रहवासी अमित चौहान ने बताया कि खेड़ापति हनुमान मंदिर काफी पुराना है। यहां रोज बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। उनके अनुसार, दान पेटी में 25 हजार रुपए से अधिक की राशि होने का अनुमान है। हालांकि, चोरी हुई नकदी की वास्तविक रकम अभी स्पष्ट नहीं है। घटना की सूचना मिलने पर किशनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान और तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

28 हजार वर्गफीट में तैयार हो रहा अटल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

इंदौर। शहर के पूर्वी क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक नए अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सौगात मिलने वाली है। नंदानगर में अटल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तैयार किया जा रहा है, जिसमें करीब 2 हजार खिलाड़ी एक साथ प्रैक्टिस कर सकेंगे। यहां 12 खेलों का एक साथ अभ्यास हो सकेगा। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 28 हजार वर्ग फीट में 15 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। अटल खेल परिसर की तर्ज पर इस कॉम्प्लेक्स को भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम दिया जा रहा है। यह कॉम्प्लेक्स ओपन के साथ तीन मंजिला बिल्डिंग के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रहेगा। इसके साथ ही यहां पर बेसमेंट में पार्किंग बनाई जा रही है, जिससे कॉम्प्लेक्स में प्रैक्टिस करने आने वाले खिलाड़ी अपनी गाड़ियां सुरक्षित रख सकेंगे।

इंदौर में आरएसएस की बैठक, आज होगा समापन, डॉ. भागवत सहित देशभर के 400 पदाधिकारी हुए शामिल

जेन-जेड और विदेशों में संघ के विस्तार पर मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की महत्वपूर्ण बैठक का बुधवार को समापन होगा। डेली कॉलेज के संत श्री रविदास जी महाराज सभागार में 2 नवंबर से चल रही इस बैठक में संघ के शीर्ष नेतृत्व सहित देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हुए।

सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की मौजूदगी में हुई इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ संगठन के आगामी विस्तार और सामाजिक विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

संघ की 100 साल की यात्रा के बाद संगठन की भावी दिशा के लिहाज से इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसमें शताब्दी वर्ष के दौरान विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक देशभर में आयोजित कार्यक्रमों, समाज के विभिन्न वर्गों तक संघ की पहुंच और इन गतिविधियों के आगे के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई।



शाखाओं के विस्तार और मजबूती की समीक्षा

शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में स्वयंसेवकों ने शाखाओं के विस्तार के लिए काम किया। बैठक में इस काम की समीक्षा की गई। जिन स्थानों पर नई शाखाएं शुरू हुई हैं, उन्हें नियमित और अधिक प्रभावी बनाने के साथ शाखाओं के सुदृढ़ीकरण पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा देश के अधिक से अधिक स्थानों पर शाखाएं शुरू करने और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने के विषय पर भी विचार किया गया। बैठक में संघ के सभी 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। इनमें क्षेत्र संघचालक, क्षेत्र कार्यवाह, क्षेत्र प्रचारक, प्रांत संघचालक, प्रांत कार्यवाह और प्रांत प्रचारक सहित उनके सहयोगी कार्यकर्ता मौजूद रहे। संघ से प्रेरित विभिन्न संगठनों के अखिल भारतीय संगठन मंत्री और सह संगठन मंत्री भी आमंत्रित किए गए थे।

युवाओं में नशे की प्रवृत्ति और ड्रग्स के रुझान पर मंथन- इस बैठक का एक महत्वपूर्ण पहलू बदलते सामाजिक परिवेश और नई पीढ़ी से जुड़े विषय रहे। युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और ड्रग्स के बदलते रुझानों को लेकर भी चर्चा एजेंडे में शामिल रही। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती की भूमिका और समाज के बीच शैक्षणिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के विषय पर विचार किया गया। विदेशों में संघ के कार्य के विस्तार और वहां संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने से जुड़े मुद्दे भी बैठक के विमर्श में शामिल रहे। इन विषयों का महत्व इसलिए भी है, क्योंकि संघ अपने शताब्दी वर्ष के दौरान संगठनात्मक विस्तार के साथ समाज के अलग-अलग वर्गों तक पहुंच बनाने पर जोर दे रहा है।

इसके साथ ही युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति, जेन जेड के बदलते रुझान, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती की भूमिका और विदेशों में संघ के कार्य के विस्तार जैसे विषय भी विमर्श के केंद्र में रहे।

पंच परिवर्तन को समाज के व्यवहार में उतारने पर जोर- बैठक के प्रमुख विषयों में पंच परिवर्तन शामिल रहा। संघ की ओर से समाज जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए निर्धारित इन पांच विषयों को अधिक प्रभावी तरीके से लोगों के व्यवहार में उतारने पर चर्चा की गई। इसके लिए शताब्दी वर्ष में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा और आगे उनके अनुवर्तन की कार्ययोजना पर विचार किया गया। संघ का जोर इन विषयों को केवल कार्यक्रमों तक सीमित रखने के बजाय सामाजिक जीवन में नियमित व्यवहार का हिस्सा बनाने पर है।

तीन ऐतिहासिक व्यक्तित्वों पर सरकार्यवाह के वक्तव्य- बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की ओर से तीन ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्वों के जीवन और योगदान पर वक्तव्य जारी किए जाने की जानकारी भी दी गई थी। इनमें राष्ट्रीय चेतना के पुरोधा श्री राजनारायण बोस की 200वीं जयंती, शुद्धिकरण आंदोलन के प्रमुख व्यक्तित्व स्वामी श्रद्धानंद के बलिदान के 100वें वर्ष और ओडिशा के कंधमाल क्षेत्र में जनजातीय समाज के बीच कार्य करने वाले स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती के जन्म के 100वें वर्ष से जुड़े विषय शामिल हैं। इन तीनों व्यक्तित्वों के योगदान को समाज के सामने रखने और उनके विचारों से नई पीढ़ी को परिचित कराने के संदर्भ में वक्तव्यों को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बैठक स्थल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा और मालवा क्षेत्र में संघ कार्य के क्रमिक विकास को दर्शाने वाली विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने 31 अक्टूबर को इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया था।

इंदौर के हाईड्रेंट होंगे कैमरों से लैस, टक्ष की मंजूरी, टैंकरों के फेरों-बाहरी वाहनों पर रहेगी निगरानी

गर्मी में पानी के टैंकरों पर नजर रखेंगे सीसीटी कैमरे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

आगामी गर्मी में संभावित जलसंकट को देखते हुए अब हाईड्रेंट से पानी भरने वाले टैंकरों पर भी निगरानी रखी जाएगी।

नगर निगम शहर के सभी हाईड्रेंट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी कर रहा है। इसे लेकर एमआईसी में प्रस्ताव पास हो चुका है। अब आगे की प्रक्रिया और टेंडर के बाद कैमरे लगाए जाएंगे। इससे हाईड्रेंट से पानी भरने वाले टैंकरों के फेरों, पानी की सप्लाई और अपव्यय पर नजर रखी जा सकेगी।

दरअसल, आगामी गर्मी में जलसंकट की स्थिति बनने पर नगर निगम टैंकरों के जरिए अलग-अलग वार्डों में पानी की सप्लाई करेगा। इन टैंकरों को हाईड्रेंट से ही पानी भराया जाएगा। आने वाले दिनों में सभी वार्डों में नए हाईड्रेंट भी तैयार किए जाएंगे। ऐसे में पानी के अपव्यय को रोकने और टैंकरों की निगरानी के लिए



सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

हाईड्रेंट पर सीसीटीवी कैमरे लगने से यह पता चल सकेगा कि किस टैंकर ने कितने फेरे लगाए और तय फेरों के अनुसार संबंधित वार्ड में पानी की सप्लाई की या नहीं। साथ ही यह भी निगरानी की जा सकेगी कि कोई निजी टैंकर या दूसरे वार्ड का टैंकर हाईड्रेंट से पानी तो नहीं भर रहा है। हालांकि हाईड्रेंट पर निगम कर्मचारियों की मौजूदगी रहती है, लेकिन कई बार आपसी सांठगांठ के चलते टैंकरों के फेरों में गड़बड़ी या दूसरे टैंकरों के पानी भरने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। ऐसे में कैमरों की निगरानी से इस तरह की गड़बड़ियों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा हाईड्रेंट से पानी का अपव्यय होने पर भी नजर रखी जा सकेगी।

एमआईसी में प्रस्ताव पास, अब टेंडर प्रक्रिया

जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि पानी के अपव्यय को रोकने और वार्डों के टैंकरों को संबंधित वार्डों के हाईड्रेंट से ही पानी भरवाने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। एमआईसी में प्रस्ताव पास होने के बाद फाइल आगे भेजी जाएगी। इसके बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। आने वाले दिनों में सभी हाईड्रेंट को सीसीटीवी कैमरों से कवर किया जाएगा।

गुणवत्ता से समझौता नहीं...निगम कमिश्नर ने देखी जमीनी हकीकत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में अमृत-2 योजना के तहत चल रहे पाइपलाइन बिछाने के कार्यों की जमीनी हकीकत जानने के लिए मंगलवार को नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने जावरा कंपाउंड, अंबेडकर नगर, छोटी भमोरी, स्कीम नंबर 113 और स्कीम नंबर 136 में चल रहे कार्यों की प्रगति देखी। इस दौरान अधिकारियों और ठेकेदारों को काम में तेजी लाने, गुणवत्ता का ध्यान रखने और तय समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

जावरा कंपाउंड: यहां बिछाई जा रही पाइपलाइन के काम का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने काम को तय समय-सीमा में पूरा करने और कार्य समाप्त होने के बाद संबंधित स्थान पर उचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अंबेडकर नगर: क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने के काम की प्रगति देखी। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को काम में तेजी लाने और निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

छोटी भमोरी: यहां सड़क निर्माण का काम प्रस्तावित होने के कारण अर्जेंट वर्क के तहत पाइपलाइन बिछाई गई है। निगम कमिश्नर ने पाइपलाइन के काम और उसकी प्रगति का निरीक्षण किया। साथ ही कार्य की गुणवत्ता भी जांची।

स्कीम नंबर 113: यहां चल रहे पाइपलाइन बिछाने के काम का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

बड़वाह में दो ब्राउन शुगर मामलों में फरार आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

15 दिवसीय राज्य स्तरीय एंटी नारकोटिक्स अभियान के तहत बड़वाह पुलिस ने ब्राउन शुगर के दो मामलों में फरार आरोपी को इंदौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। वह करीब 2 साल से फरार था। पुलिस ने उसे इंदौर के भंवरकुआं थाना क्षेत्र से पकड़ा। इसके बाद बड़वाह लाकर न्यायालय में पेश किया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान इमरान उर्फ काला पिता ईशाक खान निवासी ग्राम तिल्लौर, थाना खुड़ैल, जिला इंदौर के रूप में हुई है। बड़वाह थाने में उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 524/2022 और 76/2025 दर्ज हैं। दोनों मामले एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार से जुड़े दोनों मामलों में फरार था। तकनीकी मदद और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई एसपी रविन्द्र वर्मा के निर्देशन और एडिशनल एसपी शकुंतला रुहल व एसडीओपी मुकेश इजारदार के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में टीआई राजेन्द्र बर्मन, सउनि अजेश जायसवाल, प्रधान आरक्षक नितिन बौरसिया, आरक्षक रवि यादव, विनोद गुर्जर, विजय राठौर और शिवलाल आर्य शामिल थे। साइबर सेल खरगोन के उपनिरीक्षक पप्पू मौरे, सचिन, मगन, अभिलाष और अन्य स्टाफ ने भी सहयोग किया।

टीआई हत्याकांड:फरार ट्रक चालक व क्लीनर पुलिस का हथियार छीनकर भाग रहे थे, घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

अवैध शराब तस्करी रोकने के दौरान खातेगांव टीआई दिलीप पुरी को वाहन से कुचलकर मारने वाले ट्रक ड्राइवर गजेंद्र उर्फ अक्कू और क्लीनर धीरज मंडलोई का मंगलवार को शॉर्ट एनकाउंटर हुआ।

पुलिस 10 हजार रुपए के इनामी गजेंद्र को आलीराजपुर के चंद्रशेखर आजाद नगर से गिरफ्तार कर देवास ला रही थी। बरोठा थाना क्षेत्र में उसने पुलिस का हथियार छीनकर भागने की कोशिश की। जवाबी फायरिंग में गोली उसके दाहिने पैर में लगी। धीरज के भी पैर में गोली लगी है।

इधर, हत्याकांड की जांच में हरदा के टिमरनी से गुजरात तक फैले करोड़ों रुपए के अवैध शराब सिंडिकेट का



खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, नेटवर्क रोज करीब 15 लाख रुपए की शराब बेचता था। इसमें से 2 से 4 लाख रुपए कांग्रेस नेता राहुल जायसवाल के घर पहुंचते थे। राहुल के मुनीम से दो महीने में 1.5 से 2 करोड़ रुपए के लेन-देन का हिसाब मिला है। मंगलवार को राहुल, आलीराजपुर के केरम सिंह और इंदौर के वकील विजय राव को कोर्ट में पेश किया गया। विजय आरोपियों के कानूनी मामले देखने के साथ मप्र व गुजरात के नेटवर्क के बीच मध्यस्थता करता था। शहीद की पत्नी कविता ने आरोप लगाया कि सेंधवा में पदस्थापना के दौरान पति को परेशान किया गया। एक नेता ने धमकी दी थी कि पुरी को नहीं छोड़ेंगे। मंगलवार को डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने पुरी के पिता की सीएम से बात कराई। पिता ने कहा कि बहू को एसआई पद पर नियुक्ति इंदौर के आईजी या पुलिस कमिश्नर कार्यालय में मिले।

अब अवैध शराब के खिलाफ प्रदेशभर में चलेगा अभियान- अवैध शराब के खिलाफ अब प्रदेशभर में अभियान चलेगा। मंगलवार को कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सीएम डॉ. मोहन यादव ने डीजीपी समेत पुलिस अफसरों को इसका प्लान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर की शिकायत के बिना दर्ज किया केस: हाई कोर्ट ने एफआईआर और चार्जशीट की निरस्त

पुलिस के स्पॉट मैप में भी नहीं मिला बाधा का सबूत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने आदिवासी युवाओं के प्रदर्शन के मामले में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए राजेश अचालिया के खिलाफ दर्ज एफआईआर, चार्जशीट और निचली कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान को निरस्त कर दिया है।

2 नवंबर को जारी आदेश में जस्टिस पवन कुमार द्विवेदी की सिंगल बेंच ने कहा कि संबंधित लोकसेवक की लिखित शिकायत के बिना भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत अदालत संज्ञान नहीं ले सकती। साथ ही, इस मामले में दोनों आरोप एक ही घटना और लेनदेन से जुड़े थे, इसलिए उन्हें अलग-अलग करके कार्रवाई भी नहीं की जा सकती।



कोर्ट ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता कक्षा 12वीं में पांच में से चार विषयों में डिस्टिंक्शन हासिल करने वाला मेधावी विद्यार्थी है।

केवल इसलिए कि वह आदिवासी समुदाय के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के विरोध में छह अन्य लोगों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुआ, उसका पूरा करियर आपराधिक कार्यवाही में उलझाकर खराब नहीं किया जाना चाहिए।

कलेक्टर की लिखित शिकायत के बिना दर्ज हुई कार्रवाई- याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट पर्व बिरला ने दलील दी कि बीएनएस की धारा 223 के मामले में इठरर की धारा 215 के तहत संबंधित लोकसेवक या उसके प्रशासनिक वरिष्ठ अधिकारी की लिखित शिकायत जरूरी है। इस मामले में जिला दंडाधिकारी की ओर से ऐसी कोई शिकायत नहीं की गई थी। पुलिस ने खुद एफआईआर दर्ज कर ली।

कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार करते हुए कहा कि बीएनएसएस की धारा 215 के तहत धारा 206 से 223 तक के अपराधों में संबंधित लोकसेवक की लिखित शिकायत के बिना कोर्ट संज्ञान नहीं ले सकती।

एफआईआर निरस्त कराने हाईकोर्ट पहुंचे थे छात्र

मामला बड़वानी जिले के पलसूद थाने का है। 30 जून 2024 को आदिवासी समुदाय के कुछ सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके विरोध में जय आदिवासी युवा शक्ति (जेएवायएस) के कुछ सदस्यों ने 6 जुलाई 2024 को पलसूद थाने में एफआईआर निरस्त करने के लिए आवेदन दिया था। इस दौरान सुमेर सिंह, सीमा, विक्रम, तुकाराम, कमल, अनिल और राजेश अचालिया सहित सात लोग बैनर लेकर थाने पहुंचे और नारेबाजी की। पुलिस के अनुसार एसडीओ राजपुर से जुलूस और प्रदर्शन की अनुमति नहीं ली गई थी। जिला दंडाधिकारी द्वारा 7 जून 2024 को धारा 144 के तहत जारी आदेश की शर्तों का उल्लंघन करने के आरोप में सातों के खिलाफ बीएनएस की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने चार्जशीट में बीएनएस की धारा 126(2) भी जोड़ दी। आरोप था कि प्रदर्शनकारियों के थाने में एकत्र होने से पुलिसकर्मियों के कामकाज में बाधा पहुंची और वे थाने से बाहर नहीं निकल सके। निचली अदालत ने 16 दिसंबर 2024 को मामले में संज्ञान लिया था।

दोनों आरोप एक ही घटना का हिस्सा, अलग नहीं कर सकते- कोर्ट ने कहा कि धारा 223 और धारा 126(2) के तहत लगाए गए आरोप एक ही घटना और एक ही लेनदेन से जुड़े हैं। इसलिए इन्हें अलग-अलग अपराध मानकर कार्रवाई नहीं की जा सकती।

खबर एक नजर...

छतरपुर में चलती बस से गिरकर यात्री की मौत:हादसा या धक्का देने की आशंका

छतरपुर। छतरपुर जिले के लवकुशनगर में लवकुशनगर से महोबा जा रही नफीस बस से गिरकर एक यात्री की मौत हो गई। मृतक की पहचान मिजाजी कुशवाहा के रूप में हुई है। घटना मंगलवार रात की है। यात्री किन परिस्थितियों में बस से नीचे गिरा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मिजाजी कुशवाहा बस से नीचे गिर गए थे। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वह दुर्घटनावश गिरे या किसी ने उन्हें धक्का दिया। पुलिस दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटना के समय बस में मौजूद यात्रियों से भी पूछताछ की जा सकती है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यात्री बस से किन परिस्थितियों में गिरा। घटना की असल वजह जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगी।

छतरपुर में कार से 40 किलो से ज्यादा गांजा जब्त:दो आरोपी गिरफ्तार

छतरपुर। छतरपुर में कोतवाली पुलिस ने गांजे की तस्करी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छत्तीसगढ़ नंबर की हुंडई वरना कार से 40 किलो से ज्यादा गांजा जब्त किया है। गांजे की कीमत करीब 20 लाख रुपए और कार की कीमत करीब 8 लाख रुपए बताई गई है। तीनों की कुल जब्ती करीब 28 लाख रुपए की है। पुलिस के मुताबिक, पिछली रात हाईवे पेट्रोलिंग के दौरान झांसी-खजुराहो फोरलेन पर गांजा ले जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम बुंदेलखंड रेस्टोरेंट के पास पहुंची और संदिग्ध कार को घेरकर रोक लिया। तलाशी के दौरान कार की डिक्की से 46 पैकेट मिले। इनमें 40 किलो से ज्यादा गांजा रखा था। पुलिस ने गांजा और तस्करी में इस्तेमाल कार जब्त कर ली।

विदिशा में 10 महीने में 39.54 लाख का नशा जब्त

विदिशा। विदिशा में ब्राउन शुगर और स्मैक के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में इस साल 12 केस दर्ज हुए। कोतवाली पुलिस के रिकॉर्ड के मुताबिक, 2026 में अब तक नशे के कारोबार से जुड़े 40 आरोपियों को गिरफ्तार कर 367.49 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया है। इसकी कीमत करीब 39.54 लाख रुपए बताई गई है। गिरफ्तार आरोपियों में 12 दूसरे राज्यों के हैं। इसी कार्रवाई के बीच पुलिस ने 15 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 19 साल के युवक को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कोतवाली पुलिस की टीम कस्बे में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान हसनैन मस्जिद के पास बेतवा नदी छोटे पुल रोड पर पुलिस वाहन देखकर एक युवक भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 15 ग्राम ब्राउन शुगर मिली।

दतिया में गांजे की खरीद-फरोख्त करने पहुंचे दो युवक गिरफ्तार

दतिया। दतिया में गांजा खरीदने और बेचने पहुंचे दो युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 12 किलो 542 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 25 हजार रुपए बताई गई है। आरोपी गांजे के सौदे के लिए रेलवे स्टेशन के पीछे रामनगर डेरा जाने वाले मोड़ पर दो कारों से पहुंचे थे। पुलिस ने दोनों कारें और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, 3 नवंबर की रात करीब 12:25 बजे उपनिरीक्षक रचना माहौर टीम के साथ गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थीं। इसी दौरान रेलवे स्टेशन के पीछे सड़क किनारे दो कारें खड़ी दिखाई दीं। संदेह होने पर पुलिस ने जांच की तो ग्रे रंग की स्विफ्ट डिजायर में दो युवक बैठे मिले। कार की पिछली सीट पर सफेद बोरी रखी थी। पूछताछ में चालक ने अपनी पहचान दिलीप उर्फ पिंटू शर्मा (42), निवासी लहार के रूप में बताई। उसके साथ बैठे दीपक शर्मा (32), निवासी लहार ने बताया कि वह गांजा बेचने आया था। उसकी काले रंग की स्विफ्ट कार कुछ दूरी पर खड़ी थी। दोनों गांजे के सौदे को लेकर बातचीत कर रहे थे।

बुरहानपुर में दो तेज रफ्तार बाइक की आमने-सामने टक्कर:एक युवक की मौत

बुरहानपुर। बुरहानपुर में मंगलवार को इंदौर-इच्छापुर नेशनल हाईवे पर दो तेज रफ्तार बाइक आमने-सामने टकरा गईं। हादसा शिकारपुर थाना क्षेत्र में ताप्ती नदी पुल के पास हुआ। टक्कर के बाद दोनों बाइक पर सवार चार युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इनमें से एक युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई, जबकि तीन का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मौके से गुजर रहे लोगों ने एंबुलेंस और डायल 112 को सूचना दी। डायल 112 की मदद से चारों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

दीपावली के चलते शहर में यातायात का दबाव बढ़ गया है। आसपास के गांवों से लोग खरीदारी के लिए शहर आ रहे हैं। जल्दी घर लौटने की कोशिश में सड़क हादसे हो रहे हैं। शिकारपुर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

अगले 4 दिन में गिरेगा पारा, दिन में धूप और रात में बढ़ेगी ठंड

तूफान 'मुरासु' से मप्र के 5 जिलों में आज बारिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में चक्रवाती तूफान 'मुरासु' का असर है। मंगलवार को कई जिलों में बादल छाए रहे। वहीं, बूंदाबांदी और आंधी की स्थिति भी रही। मौसम केंद्र) के मुताबिक, बुधवार से तूफान का असर कम होगा। अगले 24 घंटे के दौरान 5 जिले- सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और अनूपपुर में ही आंधी-बारिश का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य हिस्से में धूप खिलेगी।



धनतेरस-दीपावली पर साफ रहेगा मौसम

5, 6 और 7 नवंबर को भी आंधी-बारिश होने के आसार नहीं है। इससे धनतेरस और दीपावली त्योहार में मौसम मुश्किल खड़ी नहीं करेगा। इन दोनों ही दिनों में आसमान के साफ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन में न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री तक की गिरावट होने का अनुमान जताया है। बीती रात की बात करें तो प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शाजापुर से जुड़े गिरवर में 14.4 डिग्री, भोपाल में 15.1 डिग्री, नीमच के मरुखेड़ा में 15.4 डिग्री और कटनी के करौंदी में 15.5 डिग्री रहा।

पचमढ़ी दिन में भी ठंडा बना हुआ है। यहां दो दिन के अंदर ही अधिकतम तापमान 22 डिग्री तक पहुंच गया है। अमरकंटक, मलाजखंड, बैतूल, नरसिंहपुर और सिवनी प्रदेश में सबसे ठंडे हैं। मंडला में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 33 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। यानी, दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हुई है।

अब जानिए नवंबर में कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, नवंबर के दूसरे सप्ताह से ठंड का असर और बढ़ेगा। खासकर ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में, जहां उत्तरी हवाएं सीधी आती हैं, वहां पारा लुढ़केगा। ग्वालियर में 57 साल पहले नवंबर में रात का टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। उज्जैन में 53 साल पहले न्यूनतम पारा रिकॉर्ड 2.3 डिग्री तक जा चुका है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर में इस महीने बारिश का ट्रेंड है। इस बार नवंबर के शुरूआत में ही बारिश का अलर्ट है। तीसरे और चौथे सप्ताह में सिस्टम एक्टिव होने से भी बारिश हो सकती है।

शहरों का मौसम...

नवंबर में राजधानी में रात का तापमान 9 से 12 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। पिछले 10 साल से ऐसा ही ट्रेंड रहा है। इस बार भी दूसरे सप्ताह से पारा तेजी से लुढ़केगा। मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल में नवंबर में रात का तापमान 6.1 डिग्री तक पहुंच चुका है। यह 30 नवंबर 1941 को दर्ज किया गया था। इस महीने बारिश होने का ट्रेंड भी है। 10 साल में तीन बार बारिश हो चुकी है। साल 1936 में महीने में साढ़े 5 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

स्कूल की छत बल्लियों के सहारे...

:6 लाख से पहली मंजिल पर कमरे बनाए, पर 14 साल से यहां जाने के लिए सीढ़ियां ही नहीं



ईसागढ़। ईसागढ़ ब्लॉक के बमनावर माध्यमिक स्कूल की 62 साल पुरानी इमारत की छत पत्थर की फर्शियां चटकने से बल्लियों और पाइप के सहारे टिकी है। इसी इमारत की पहली मंजिल पर 14 साल पहले करीब 6 लाख रुपए से दो कमरे बनाए गए, लेकिन सीढ़ियां या रैंप नहीं बनाया। इसलिए इनका अब तक उपयोग नहीं हो सका। स्कूल में कक्षा 6 से 8 तक के 125 बच्चे पढ़ते हैं। क्षतिग्रस्त कमरे में कक्षाएं बंद हैं, पर वहीं मध्याह्न भोजन पकता है। कमरा खुला होने से बच्चे वहां बैठकर खाना भी खाते हैं। स्कूल प्रभारी निहाल सिंह नरवरिया का कहना है कि अफसरों को दर्जनों पत्र लिखे, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा आज भोपाल में

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा होंगे शामिल, अटल पथ पर होगी सभा; एक लाख लोगों के जुटने का दावा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भाजपा की लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा बुधवार को भोपाल में निकाली जाएगी। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सुबह 10 बजे टीटी नगर के अटल पथ पर सभा होगी। इसके बाद भाजपा नेता और कार्यकर्ता न्यू मार्केट होते हुए रोशनपुरा चौराहे तक पदयात्रा करेंगे। भाजपा ने भोपाल और नर्मदापुरम संभाग से करीब एक लाख लोगों के पहुंचने का दावा किया है, जबकि यातायात पुलिस ने कार्यक्रम में 40 से 50 हजार लोगों के शामिल होने का अनुमान जताया है। सभा को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के लिए दोनों संभागों की अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से कार्यकताओं को जुटाने की जिम्मेदारी दी गई है।

पदयात्रा के रास्ते में डॉक्टर, वकील, इंजीनियर और विभिन्न जाति-वर्ग के लोग स्वागत मंच बनाएंगे। थर्ड जेंडर समुदाय के लोग भी अलग मंच से पदयात्रा का स्वागत करेंगे। भाजपा इस आयोजन के जरिए सामाजिक समूहों की भागीदारी दिखाने की तैयारी में है।

अटल पथ से रोशनपुरा तक पदयात्रा

सभा के बाद पदयात्रा अटल पथ से शुरू होकर न्यू मार्केट होते हुए रोशनपुरा चौराहे तक जाएगी। रास्ते में अलग-अलग सामाजिक समूहों की ओर से स्वागत की तैयारी की गई है। पदयात्रा के दौरान न्यू मार्केट और आसपास के व्यावसायिक क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही प्रभावित होने की संभावना है।



सुबह से ट्रैफिक डायवर्जन

पदयात्रा और सभा में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने के कारण यातायात पुलिस ने शहर के कई प्रमुख रास्तों पर डायवर्जन लागू किया है। पुलिस के मुताबिक, सुबह 8 बजे से भदभदा चौराहा, भारत माता चौराहा, जवाहर चौक, माता मंदिर, रोशनपुरा, लिंक रोड-1 और पॉलिटेक्निक चौराहे के आसपास यातायात का दबाव बढ़ सकता है। यातायात पुलिस के अनुसार, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए करीब 1200 बसों और 2 हजार चार पहिया वाहनों के भोपाल पहुंचने की संभावना है। इनके लिए अलग-अलग मार्ग, यात्री उतारने के स्थान और पार्किंग तय की गई है।

'सिंधिया राजघराना' संपत्ति विवाद, बड़ी बुआ की बेटी के होंगे बयान

प्रतिमा देंगी गवाही, मौसियों पर लगाया धोखाधड़ी से दस्तखत कराने का आरोप



ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर के ऐतिहासिक सिंधिया राजघराने की ?41 हजार करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति का पारिवारिक विवाद एक बार फिर कानूनी उलझनों में फंस गया है।

आपसी सहमति से तैयार हुए जिस समझौता प्रस्ताव (राजीनामे) पर कोर्ट के फैसले की उम्मीद लगाई जा रही थी, अब वह पूरी तरह प्रतिमा राणा की आपत्ति पर टिक गया है।अतिरिक्त सत्र न्यायालय (अऊख) में आज (बुधवार, 04 नवंबर) इस हाई-प्रोफाइल केस की अहम सुनवाई है। सुनवाई के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की बड़ी बुआ (दिवंगत पद्मावती राजे) की बेटी प्रतिमा राणा के बयान दर्ज होंगे।



डिनर हुआ, फोटो खिंचे: मौसियों ने खारिज किए धोखाधड़ी के आरोप

प्रतिमा देवी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत अपनी तीनों मौसियों जिनमें राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, एमपी की पूर्व मंत्री यशोधरा राजे और उषा राजे पर धोखे से दस्तखत कराने का सीधा आरोप लगाया है। दूसरी ओर, तीनों मौसियों (वसुंधरा, यशोधरा व उषा राजे) ने अदालत में जवाब दाखिल कर इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि सभी की सहमति से हस्ताक्षर हुए थे। दस्तखत के बाद सभी लोग साथ रुके, फैमिली डिनर हुआ और तस्वीरें भी खिंचवाई गईं। ज्योतिरादित्य सिंधिया के पक्ष ने भी कोर्ट को बताया कि दस्तखत पूरी सहमति से हुए हैं और इसमें कोई गड़बड़ी नहीं है। गौरतलब है कि वसुंधरा राजे, यशोधरा राजे और उषा राजे ने ज्योतिरादित्य सिंधिया से पैतृक संपत्ति में अपना हक मांगने के लिए सिविल सूट दायर किया था। इस मूल केस में बड़ी बुआ पद्मावती राजे की बेटियों (कनिका देवी और प्रतिमा देवी) को पक्षकार तो बनाया गया था, लेकिन कोर्ट में हाजिर न होने पर उन्हें 'एक्स पार्टी' (एकपक्षीय) घोषित कर दिया गया था।

चित्रकूट में समाजशिल्पी दंपतियों की भर्ती कर रहा DRI

यूपी बॉर्डर के गांवों में रहकर बेरोजगारी, बीमारी दूर करने पर करेंगे काम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सीमा पर चित्रकूट क्षेत्र के 1000 से अधिक गांवों में सामाजिक बदलाव लाने के लिए दीनदयाल शोध संस्थान समाजशिल्पी दंपतियों की भर्ती कर रहा है। चयनित पति-पत्नी को पांच साल तक गांव में रहकर ग्रामीणों के साथ मिलकर गरीबी, बेरोजगारी, बीमारी और अशिक्षा दूर करने के लिए काम करना होगा। गांवों को हरा-भरा, विवादमुक्त और आत्मनिर्भर बनाने की जिम्मेदारी भी इन दंपतियों की होगी।

संस्थान का उद्देश्य गांवों में ऐसा सामाजिक पुनर्रचना मॉडल तैयार करना है, जिसमें ग्रामीण खुद अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें। इसके लिए समाजशिल्पी दंपती गांव में रहकर उत्प्रेरक की भूमिका निभाएंगे और ग्रामीणों को सामूहिक प्रयासों के लिए प्रेरित करेंगे।

समाजशिल्पी दंपती ग्रामीणों के सहयोग से गांव में गरीबी, बेरोजगारी, बीमारी और अशिक्षा दूर करने के प्रयास करेंगे। गांव को हरा-भरा और विवादमुक्त बनाने के साथ ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाने पर काम करेंगे। योजना का उद्देश्य गांवों में ऐसे अनुकरणीय परिवार और सामाजिक व्यवस्था तैयार करना है, जो दूसरे गांवों के लिए भी उदाहरण बन सकें। दीनदयाल शोध संस्थान ने समाजशिल्पी दंपती योजना की शुरूआत चित्रकूट में वर्ष प्रतिपदा 1996 में की थी।

18 नवंबर को चित्रकूट में साक्षात्कार

योजना के लिए साक्षात्कार 18 नवंबर 2026 को सुबह 11 बजे से आरोग्यधाम परिसर, चित्रकूट, सतना (मध्यप्रदेश) में होगा। अभ्यर्थियों को आवेदन और मूल शैक्षणिक अभिलेखों के साथ समय पर उपस्थित होना होगा। दीनदयाल शोध संस्थान एक ऐसा संस्थान है, जहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को सामाजिक और ग्रामीण विकास के व्यावहारिक मॉडल में बदलने का प्रयास किया गया।

दिल्ली रैली में नहीं पहुंचे एमपी के 60 युवा कांग्रेसी, 9 जिलाध्यक्षों सहित 5 उपाध्यक्ष, 32 सचिव हुए सस्पेंड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को आयोजित कांग्रेस की ह्यवोट चोरीह्न रैली में शामिल नहीं होने पर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के 60 पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें 9 जिलाध्यक्ष, 5 उपाध्यक्ष, 14 महासचिव और 32 सचिव शामिल हैं। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस ने 3 नवंबर को निलंबन आदेश जारी कर सभी पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक सस्पेंड कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि दिल्ली में आयोजित रैली में अनुपस्थित रहने के कारण संगठनात्मक अनुशासनहीनता सामने आई है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है। आदेश पर मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। निलंबित किए गए पदाधिकारियों में शिवराज यादव, राजवीर सिंह कुड़िया, योगिता सिंह परिहार, प्रमोद सिंह खरे और नीरज पटेल सहित पांच उपाध्यक्ष शामिल हैं। वहीं रोहित राजोरिया, अब्दुल करीम कुरैशी, विनय पांडे और राहुल हितेश ठाकुर सहित 14 महासचिवों पर भी कार्रवाई हुई है। निलंबित जिलाध्यक्षों में मैहर के सौरभ शर्मा, नीमच के मनमोहन शक्तावत, बुरहानपुर के अर्जुन जंगले, अनूपपुर के मनवेंद्र मिश्रा, गुना के पंचम भील, बड़वानी के आदित्य गोयल, छतरपुर के मनवेंद्र सिंह परमार और भिंड के मनीष पुरोहित शामिल हैं।

पटवारी बोले- सुबह 7 से रात 10 बजे तक करा रहे काम, त्योहारों की छुट्टी भी नहीं


50 लाख मुफ्त रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा करने का दबाव

आरोप है कि लक्ष्य पूरा कराने के लिए कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदारों की ओर से लगातार दबाव बनाया जा रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख लोगों को मुफ्त रजिस्ट्री देने का लक्ष्य पूरा करने की जल्दबाजी अब मैदानी कर्मचारियों पर भारी पड़ रही है। मध्य प्रदेश में पटवारियों को सुबह से देर रात तक फील्ड में काम करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि लक्ष्य पूरा कराने के लिए कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदारों की ओर से लगातार दबाव बनाया जा रहा है। त्योहारों और शासकीय अवकाश के दिन भी ड्यूटी पर बुलाए जाने से पटवारियों में नाराजगी है। इस बीच बैतूल में ड्यूटी से लौट रहे पटवारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं, डिंडौरी की शहपुरा तहसील में छुट्टी के दिन काम कराने को लेकर एसडीएम और पटवारी संघ आमने-सामने हैं। दूसरी ओर सरकारी एप और सर्वर की तकनीकी दिक्कतें भी रजिस्ट्री के काम में बाधा बन रही हैं। ऐसे में लक्ष्य पूरा करने के दबाव के बीच पटवारियों के काम के घंटे और सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

पटवारियों का कहना है कि रजिस्ट्री का काम तय समय में पूरा कराने के लिए उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। कई जगह उन्हें सुबह 7 बजे से रात 9 से 10 बजे तक फील्ड में रहकर काम करना पड़ रहा है। त्योहारों और शासकीय अवकाश के दौरान भी ड्यूटी लगाई जा रही है।



डिंडौरी में त्योहारों पर ड्यूटी को लेकर विवाद

डिंडौरी जिले की शहपुरा तहसील में त्योहारों के दौरान अवकाश के दिन काम कराने को लेकर पटवारी संघ ने नाराजगी जताई है। संघ के जिला अध्यक्ष सोहन साहू ने एसडीएम फरहान इरफान जमादार पर कर्मचारियों की धार्मिक भावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। साहू के मुताबिक, सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या और गणेश चतुर्थी के अवकाश पर भी काम कराया गया। नवरात्रि के पहले दिन बैठक आयोजित की गई और त्योहार के दौरान घर-घर नोटिस चिपकवाए गए। अब दिवाली के शासकीय अवकाश में भी काम कराने का आरोप है। साहू का दावा है कि ऐसी स्थिति केवल शहपुरा तहसील में सामने आ रही है। वहीं, एसडीएम फरहान इरफान जमादार ने आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि किसी का अवकाश नहीं रोका जा रहा है। जरूरत के अनुसार छुट्टी दी गई है। 6 नवंबर का अवकाश शासन के आदेश से रोका गया है। कर्मचारियों की भावनाओं का भी ध्यान रखा जाता है। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष सोहन साहू ने एसडीएम पर पटवारियों को बकरे कहने और बकरे की तरह हलाल करने की बात कहने का आरोप भी लगाया है।

संघ पदाधिकारियों के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्रों में काम के दौरान कुछ पटवारियों को लोगों की अभद्रता का भी सामना करना पड़ता है। लगातार काम और ऐसी परिस्थितियों के कारण उनका मानसिक तनाव बढ़ रहा है। पटवारियों का सवाल है कि क्या उन्हें त्योहारों पर भी देर रात तक काम करना होगा?

बैतूल जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में पटवारी कमलेश पिता श्यामू धुर्वे (35) की मौत हो गई। वे बरसाली के निवासी थे और उनकी ड्यूटी घोड़ा डोंगरी में थी।


कुलगुरु का झांसी दरबार:230 में से 120 पेपर सेटर झांसी के, गलतियां इतनी कि परीक्षा करनी पड़ी रद्द

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय अभी ठीक से स्थापित ही हो रहा है और शुरूआती समय में ही गंभीर आरोपों में घिर रहा है। विश्वविद्यालय में उत्तरपुस्तिका एवं प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर परीक्षा मूल्यांकन तक में गंभीर अनियमितताओं के आरोप हैं। पेपर सेटर के मामले में विश्वविद्यालय का झांसी से लगाव खासतौर पर नजर आ रहा है। पेपर सेटरों की पड़ताल की तो सामने आया कि 230 पेपर सेटर में से 120 तो सिर्फ झांसी के हैं। इसके अलावा टीकमगढ़ के 27 और दतिया के 13 पेपर सेटर हैं। बता दें कि कुलगुरु डॉ. किशन यादव क्रांतिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय में नियुक्ति के पहले बुंदेलखंड पीजी कॉलेज, झांसी में थे और उनका गृह जिला टीकमगढ़ है।मप्र के विवि में 230 में से हर दूसरा पेपर सेटर उत्तरप्रदेश का है। ऐसे में इन दोनों ही जगहों के पेपर सेटरों को प्राथमिकता देने से यूनिवर्सिटी की पारदर्शिता कठघरे में दिखाई दे रही है। खास बात यह है कि गुना जिले से सिर्फ एक ही पेपर सेटर को मौका दिया गया है।

'रामायण' की स्पेशल स्क्रीनिंग में पहुंचे बॉलीवुड के कई सेलेब्स

:रणबीर-आलिया, सनी देओल, विवेक ओबेरॉय समेत कई स्टार्स हुए शामिल



रणबीर कपूर और यश स्टारर फिल्म 'रामायण' का मुंबई में स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। थिएटर्स में फिल्म की रिलीज से पहले आयोजित इस इवेंट में बॉलीवुड के कई सेलेब्स शामिल हुए। इस खास स्क्रीनिंग में रणबीर कपूर, उनकी पत्नी और अभिनेत्री आलिया भट्ट, सनी देओल, जैकी भगनानी, रकुल प्रीत सिंह, विवेक ओबेरॉय, रवि दुबे, सरगुन मेहता, काजल अग्रवाल, लारा दत्ता ग्रैस, आशीष चंचलानी के साथ-साथ फिल्म के निर्देशक नीतेश तिवारी और निमार्ता नमित मल्होत्रा शामिल हुए।



कल दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म

इस फिल्म में भारतीय सिनेमा के कई बड़े चेहरे एक साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म में साई पल्लवी माता सीता और साउथ स्टार यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इनके अलावा सनी देओल, अरुण गोविल, लारा दत्ता, इंदिरा कृष्णन, रवि दुबे, शीबा चड्ढा, कुणाल कपूर, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह, अजिंक्य देव, चेतन हंसराज, फैजल मलिक, विवेक ओबेरॉय और आदिनाथ कोठारे जैसे कई कलाकार अहम किरदारों में दिखेंगे।

तब्बू @55, पिता ने छोड़ा साथ, प्यार भी अधूरा रहा

दिल टूटने के बाद चुनी अकेली जिंदगी, बोलीं- गलत पार्टनर से बेहतर है सिंगल रहना



बॉलीवुड में आंखों से भावनाएं बयां करने और हर किरदार में जान डालने वाली तब्बू आज 55 साल की हो गईं। करीब चार दशक के करियर में उन्होंने शोहरत, सम्मान और कई बड़े पुरस्कार हासिल किए, लेकिन निजी जिंदगी आसान नहीं रही। तीन साल की उम्र में माता-पिता का तलाक हो गया और पिता से रिश्ता नहीं बन पाया। जवानी में संजय कपूर के साथ रिश्ता शुरू हुआ, लेकिन फिल्म की शूटिंग खत्म होने से पहले दोनों की बातचीत बंद हो गई।

साजिद नाडियाडवाला के साथ रिश्ते की चर्चा शादी तक पहुंची, जबकि नागार्जुन के साथ उनका नाम करीब एक दशक तक जुड़ा रहा। काले हिरण शिकार मामले में नाम आने के बाद उन्हें लंबे समय तक कानूनी विवाद का सामना करना पड़ा। तब्बू की जिंदगी का पहला बड़ा भावनात्मक मोड़ बचपन में आया। उनका जन्म 4 नवंबर 1971 को हैदराबाद में हुआ था। तीन साल की उम्र में उनके माता-पिता का तलाक हो गया। इसके बाद पिता जमाल हाशमी से उनका खास संपर्क नहीं रहा। उनकी परवरिश मां रिजवाना और नाना-नानी के घर हुई।

परिवार के बिखराव ने बचपन में उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी। हालांकि, तब्बू ने बचपन को केवल दुख और अभाव के रूप में याद नहीं किया। उन्होंने बताया था कि हैदराबाद में नाना-नानी के साथ उनका बचपन अच्छा बीता। मां टीचर थीं और काम के कारण तब्बू का काफी समय नानी के साथ गुजरता था।

तब्बू ने ये बातें सिमी ग्रेवाल के चैट शो में साझा की थीं। उन्होंने बताया कि उनकी नानी पूजा-पाठ करती थीं और किताबें पढ़ती थीं। तब्बू उनके आसपास रहकर बड़ी हुईं। उन्होंने स्वीकार किया था कि बचपन में वह बहुत संकोची थीं। अभिनेत्री बनने के बाद भी उनमें खुलकर बात कहने का आत्मविश्वास नहीं था।

बातचीत का सबसे भावुक हिस्सा तब आया, जब उनसे पिता के बारे में पूछा गया। तब्बू ने बताया कि उन्होंने पिता को कभी नहीं देखा। उनकी बड़ी बहन फराह कभी-कभी पिता से मिलने जाती थीं, लेकिन तब्बू को उनसे मिलने की इच्छा नहीं हुई।

उन्होंने पिता का सरनेम 'हाशमी' न लगाने की वजह भी बताई। तब्बू के मुताबिक, उन्होंने नहीं सोचा कि पिता का सरनेम लगाना जरूरी है। स्कूल में उनका सरनेम फातिमा था और वह इसी पहचान के साथ बड़ी हुईं।

उन्होंने कहा था, 'मेरे पास उनकी कोई याद नहीं है। मैं उनसे मिलने के लिए कभी उत्सुक नहीं रही। मैं उनके बारे में जानने को उत्सुक नहीं हूं। मैं जैसी हूं और जिस तरह बड़ी हुई हूं, उससे खुश हूं।' बयान में पिता के प्रति दूरी के साथ परिवार और बचपन को लेकर संतुष्टि भी नजर आती है। किसी बच्चे के लिए पिता की मौजूदगी सिर्फ रिश्ते तक सीमित नहीं, बल्कि बचपन की यादों, सुरक्षा और भावनात्मक जुड़ाव से भी जुड़ी होती है। हालांकि, तब्बू ने इस कमी को अपनी पहचान पर हावी नहीं होने दिया। उन्होंने मां और नाना-नानी के साथ बिताए समय को जिंदगी का अहम हिस्सा बनाया।

सारा अली खान के दोस्त ओरी बोले- सारा फेक हैं



उनकी मां अमृता सिंह ने मुझे गालियां दीं; मुश्किल वक्त में सारा ने साथ नहीं दिया

सारा अली खान के दोस्त रहे ओरी ने सारा और उनकी मां अमृता सिंह के साथ अपने 10 साल पुराने रिश्ते के टूटने की वजह बताई है। नेहा धूपिया और अंगद बेदी के शो 'डबल डेट' में ओरी ने कहा 2021 में अमृता सिंह ने उन्हें बहुत बुरा-भला कहा और गालियां दीं।

वहीं, गोवा में एक बड़े कानूनी मामले के दौरान उन्होंने सारा का साथ दिया था, लेकिन जब ओरी को खुद मदद की जरूरत पड़ी तो सारा ने एक फोन तक नहीं किया। इसी वजह से उन्होंने दोनों को अनफॉलो किया।

ओरी ने कहा की उनकी जिंदगी में मुश्किल समय आया तब सारा ने एक बार भी हाल जानने के लिए फोन नहीं किया।

बातचीत के दौरान ओरी ने बताया कि सारा उनकी बचपन की दोस्त जैसी थीं और दोनों कॉलेज के दिनों से करीब 10 सालों तक पक्के दोस्त रहे। ओरी ने कहा कि जब सारा गोवा में एक बड़े कानूनी मामले में फंसी थीं और उनकी जिंदगी बिखर रही थी, तब लोगों की मनाही के बावजूद वे सारा, उनकी मां और भाई के साथ खड़े रहे। लेकिन जब ओरी की जिंदगी में मुश्किल समय आया और उन्हें सारा के साथ की जरूरत थी, तब उन्होंने एक बार भी हाल जानने के लिए फोन नहीं किया।

'2021 में अमृता सिंह ने दी थीं गालियां'



ओरी ने बताया कि सारा की मां अमृता सिंह ने उनके साथ गलत व्यवहार किया और बहुत गालियां दीं। इससे पहले एक इंटरव्यू में भी ओरी ने इस बात का जिक्र किया था कि साल 2021 में अमृता सिंह के दिए सदमे ने उन्हें काफी दुखी कर दिया था। ओरी के अनुसार, वह उनकी जिंदगी का सबसे मुश्किल और डार्क फेज था, जिसने उन्हें भावनात्मक रूप से पूरी तरह बदल दिया।

रामायण की एडवांस बुकिंग से कमाई 73 करोड़ के पार

फिल्म का एक भी सीन लीक करने पर होगी कार्रवाई, हाईकोर्ट ने दिया आदेश


बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'रामायणः पार्ट 1' को अंतरिम कॉपीराइट सुरक्षा दी है। कोर्ट ने अज्ञात लोगों, संस्थाओं और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को फिल्म की बिना अनुमति रिकॉर्डिंग, होस्टिंग और स्ट्रीमिंग करने से रोक दिया है। फिल्म 5 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिलीज से पहले ही इसकी एडवांस बुकिंग से करीब 73 करोड़ रुपए की कमाई हो चुकी है।

यह आदेश गॉडपावर मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर दिया गया। कंपनी ने फिल्म की स्क्रिप्ट, किरदारों, फुटेज, गीतों और रिकॉर्डिंग को कॉपीराइट उल्लंघन से बचाने की मांग की थी। कोर्ट के आदेश से फिल्म के पाइरेटेड लिंक और मिरर साइट्स को हटाने का रास्ता साफ हुआ है। इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को लिखित सूचना मिलने पर कार्रवाई करनी होगी।


गॉडपावर मीडिया ने आनंद एंड नाइक कानूनी फर्म के जरिए कोर्ट का रुख किया था। कंपनी को फिल्म के कॉपीराइट उल्लंघन की आशंका थी। कंपनी ने बताया कि केवल आमंत्रित लोगों के लिए प्रीव्यू स्क्रीनिंग रखी गई थी। इस दौरान कड़ी गोपनीयता शर्तें लागू थीं। इसके बावजूद फिल्म के दो ट्रेलर चोरी-छिपे रिकॉर्ड कर डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किए गए।

मामले में जॉन डो के अलावा करीब 34 कंपनियां भी जवाबदेह पक्ष हैं। कोर्ट को बताया गया कि फिल्म के पहले भाग को बनाने में करीब 2,000 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। दोनों भागों का कुल बजट 4,000 करोड़ रुपए है। गूगल एलएलसी और दुनिया भर के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्हें अंतरिम राहत देने के आदेश पर कोई आपत्ति नहीं है।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ




जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली






बाएं से दाएं

1. दैत्य, असुर-3
3. रुकावट, बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
8. मूल, कंद-2
9. सलाह, मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद, हिंसा वाद-5
22. शराब, मदिरा-2
24. दुख, कष्ट-2
25. चेतना, ध्यान-2
27. सालन, रसा-3
28. श्राणेंद्रिय, इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व, प्राण तत्व-3

ऊपर से नीचे

1. खैरात, दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर, जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग, रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा, एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध, अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा, थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था, कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा, बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

माथा पच्ची



संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.


शब्दों का जाल



शब्दजाल में जॉन अब्राहम की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

बाबुल, काबुल एक्सप्रेस, जिन्दा, गरम मसाला, काल, कर्म, एतबार, साया, पाप, जिस्म.

अष्टयोग




प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल




अष्टयोग का हल



शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल-



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

4	6	2	3	5	8	9	1	7
8	1	7	9	2	6	3	5	4
3	5	9	1	7	4	8	2	6
6	4	1	5	3	7	2	8	9
2	7	5	8	4	9	6	3	1
9	3	8	2	6	1	4	7	5
1	2	3	6	9	5	7	4	8
5	9	4	7	8	2	1	6	3
7	8	6	4	1	3	5	9	2

■ वर्ष-13 अंक-02 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

अथ चेद् बुद्धिजं कृत्वा ब्रूयुस्ते तदबुद्धिजम्।
पापान् स्वल्पेऽपि तान् हन्यादपराधे तथानृजून्॥

भावार्थ : अब यदि बुद्धि प्रयोग से यानी सोच-समझकर अपराध करने के बाद वे तुमसे कहें कि अनजाने में ऐसा हो गया है, तो ऐसे मृथ्याचारियों को थोड़े-से अपराध के लिए भी दण्डित किया जाना चाहिए।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 04 नवम्बर, 2026

नाङ्गुल्या कारयेत् किञ्चिद् दक्षिणेन तु सादरम्।
समस्तेनैव हस्तेन मार्गमप्येवमादिशेत्॥

भावार्थ : रास्ते के बारे में पूछने वाले पथिक को उंगली के इशारे से संकेत नहीं देना चाहिए, बल्कि समूचे दाहिने हाथ को धीरे-से समुचित दिशा की ओर उठाते हुए आदर के साथ रास्ता दिखाना चाहिए।

सम्पादकीयम्

निर्वाचनआयुक्तौ अस्य कदमस्य विरोधं

नामपत्रीकरणार्थं प्रपत्रं ६ उपयुज्यते, एषा प्रक्रिया यत्र कतिपयानि मूलभूतसूचनानि आवश्यकानि भवन्ति। आयोगस्य रुखः। परन्तु विशेषसघनपुनरीक्षणस्य समये प्रपत्र 6 मार्गेण अतिरिक्तसूचनाः प्राप्ताः इति कारणेन विवादः उत्पन्नः। औपचारिकरूपेण नियमेषु संशोधनं विना आयोगः एतादृशं पदं ग्रहीतुं शक्नोति वा इति प्रश्नाः उत्थापिताः सन्ति। निर्वाचनआयुक्तौ अस्य कदमस्य विरोधं कृतवन्तौ इति आरोपानाम् अनन्तरं विषयः अधिकं गम्भीरः अभवत्। निर्वाचनआयोगस्य मतं यत् ६ प्रपत्रे एव परिवर्तनं न कृतम्; तत्र प्रतिपादितं यत् अनुरोधिता अतिरिक्तघोषणा केवलं प्रक्रियायाः विशिष्टा आसीत्। बिहार निर्णय। अस्मिन् वर्षे मेमासे बिहारप्रकरणस्य निवारणं कुर्वन् सर्वोच्चन्यायालयेन निर्णयः कृतः यत् निर्वाचनआयोगः विशेषसघनपुनरीक्षणस्य अतिरिक्तदस्तावेजान् वा सूचनां वा प्राप्तुं शक्नोति, यद्यपि अस्य सीमाः सन्ति। याचिता सूचना एसआईआर-प्रयोजनाय प्रासंगिका भवितुमर्हति, तथा च सम्पूर्णा प्रक्रिया कानूनस्य अनुपालनं भवितुमर्हति। अपि च यस्य कस्यचित् व्यक्तिस्य योग्यतायाः विषये प्रश्नः भवति तस्य पक्षं प्रस्तुतुं अपीलं कर्तुं च अवसरः अवश्यमेव दातव्यः। विश्वसनीयतायाः प्रश्नः। सुनवायीकाले सर्वोच्चन्यायालयेन स्पष्टीकृतं यत् तया 'संशोधितं प्रपत्रं ६' अनुमोदितं न कृतम्। तद्विपरीतम् आयोगेन पूर्वं उक्तं यत् सर्वोच्चन्यायालयेन एसआईआर-कृते प्रपत्रे ६ संलग्नं घोषणां समर्थितम्।

बिहार-झारखण्डे 'अर्णव'-तूफानेन तबाही

७० तः अधिकाः रेलयानानि रद्दीकृतानि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना



बिहार-झारखण्डयोः क्रमशः त्रयः दिवसाः वर्षा भवति चेत् दैनन्दिनजीवनं कृषिक्षेत्रं च भृशं बाधितं जातम्। प्रचण्डवायुः, प्रचण्डवृष्टिः च क्षेत्रेषु पक्वधानसस्यानि समतलं कृतवन्तः। अनेकक्षेत्रेषु फलानां कटनीकार्यं स्थगितम् अस्ति, यदा तु पूर्वमेव सस्यानां कटनीं कृत्वा क्षेत्रेषु त्यक्तवन्तः कृषकाः अधुना वर्षायाः कारणेन स्वस्य उत्पादनस्य नाशस्य जोखिमस्य सामनां कुर्वन्ति शाकस्य कृषिः अपि अतीव आहतः अस्ति; क्षेत्रेषु जलप्रवाहेन फूलगोभी, कुक्कुट, आलू इत्यादीनां सस्यानां क्षतिः अभवत् इति कथ्यते। केषुचित् प्रदेशेषु अर्धाधिकं धानसस्यं प्रभावितम् इति कृषकाः दावन्ति।

तीव्रवायुस्य प्रभावः क्षेत्रेभ्यः परं विस्तृतः अस्ति। झारखण्डे प्रचण्डवायुः वर्षा च अनेकानि गृहाणि, टीन-छतयुक्तानि च संरचनानि क्षतिं कृतवन्तः। प्रतिकूलवायुसम्बद्धेषु घटनासु द्वौ मृतौ ज्ञातौ। इदानीं रांचीविमानस्थानके विमानसञ्चालनं बाधितं जातम्, झारखण्डं, ओडिशा, पश्चिमबङ्गदेशं च गच्छन्तीनां ७० तः अधिकाः रेलयानानि रद्दीकृतानि, येन यात्रिकाणां महती असुविधा अभवत् झारखण्डस्य मौसमस्य स्थितिं दृष्ट्वा २८, २९ अक्टोर्बं दिनाङ्केषु सर्वकारीयनिजीविद्यालयद्वयं बन्दं स्थापयितुं निर्णयः कृतः।

क्षेत्रेषु समतलं कृत्वा धानसस्यानि; कटनी स्थगितम् आनयत् बिहारस्य अनेकेषु मण्डलेषु सम्प्रति धानसस्यं पक्वं फलानां कटनाय सज्जं च अस्ति। कृषकाणां मते एषः प्रमुखः धानजातीनां परिपक्वतायै महत्त्वपूर्णः कालः आसीत्---यत्र 'नाटी मंसूरी' अपि अस्ति-यतो हि धान्यशिरः विकसितः भवति स्म, सस्यं च पक्वं भवति स्म निरन्तरवृष्ट्या, उच्चवेगवायुना च स्थिताः सस्याः समतलाः अभवन्, अनेकेषु क्षेत्रेषु वनस्पतयः भूमौ प्रणतशयिताः सन्ति। एतेन धान्यानां गुणवत्तायां समग्रं उपजं च नकारात्मकरूपेण प्रभावः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। पटनामण्डलस्य नौबतपुर, बिक्रम, पालिगञ्ज, मोकामा-बर्ह क्षेत्रेषु कृषकाणां बृहत् हानिः अभवत्। तदतिरिक्तं समस्तीपुर, भागलपुर, मुंगेर, आरा, औरंगाबाद, जहानाबाद, गया, सासाराम, कैमूर इत्यादिभ्यः अन्येभ्यः कतिपयेभ्यः क्षेत्रेभ्यः सस्यक्षतिस्य सूचनाः उद्भूताः सन्ति मोकामा-बर्हयोः 'ताल' (नीचस्थानेषु) क्षेत्रेषु कृषकाः अनुमानयन्ति यत् धानसस्यस्य प्रायः ५० तः ५५ प्रतिशतं भागं प्रभावितम् अस्ति परन्तु प्रशासनिकसर्वक्षणस्य, स्थलनिरीक्षणस्य च अनन्तरं क्षतिस्य वास्तविकविस्तारं निर्धारयितुं शक्यते। ये कृषकाः पूर्वमेव स्वसस्यानां कटनं कृत्वा क्षेत्रेषु त्यक्तवन्तः ते अपि वर्धितानां कष्टानां सामनां कुर्वन्ति; निरन्तरवृष्ट्या लब्धं उत्पादनं सिक्तं जातम्। अपि च क्षेत्रेषु जलप्रवाहेन सस्यानां सुरक्षितस्थानं प्रति परिवहनं चुनौतीपूर्णं जातम्।

शाककृषिः अपि वर्षायाः कारणेन प्रचण्डा आहतः धानकृषकैः सह ते शाकवर्धनाः अपि वर्धमानकष्टानां सामनां कुर्वन्ति। क्षेत्रेषु जलप्रवाहः, मृदायार्द्रता च पुष्पगोभी, कुक्कुट, अङ्गुलीकोजरा (मदुआ) इत्यादीनां सस्यानां कृते त्रासं जनयति। अनेकस्थानेषु शाकक्षेत्राणि जलयुक्तानि अभवन्, येन वनस्पतयः विनाशस्य जोखिमः वर्धते, कटनार्थं सज्जानां उत्पादानाम् गुणवत्तायाः क्षतिः च वर्धते कृषकाः वदन्ति यत् वर्षायाः कारणेन क्षेत्राणि पङ्करूपेण परिणतानि, शाकस्य परिचर्यायां, कटनीयां च बाधां जनयति, तथैव तेषां विपण्यं प्रति परिवहनं च बाधितम् अस्ति। ये विक्रयणार्थं स्वस्य उत्पादनं सज्जीकृतवन्तः तेषां कृते इदानीं स्वस्य फलानां रक्षणं, क्षेत्रेभ्यः सुरक्षिततया पुनः प्राप्तुं च द्वयात्मकं आव्हानं वर्तते। वर्षा निरन्तरं भवति चेत् हानिः अधिका भवितुम् अर्हति इति भयम् अस्ति।

राजस्थान पंचायत निर्वाचन

नकलीमतदानस्य आरोपं कृत्वा समर्थकानां संघर्षः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

राजस्थानस्य पंचायतनिर्वाचनस्य द्वितीयचरणस्य कालखण्डे केषुचित् क्षेत्रेषु विवादस्य, कोलाहलस्य च घटनाः ज्ञाताः सन्ति। कोटपुतली-बेहरोरमण्डलस्य बन्सूरक्षेत्रे स्थिते मजरा अर्हि ग्रामे नकलीमतदानस्य आरोपं कृत्वा द्वयोः समूहयोः परस्परं सम्मुखीकरणं जातम्। विवादः शीघ्रमेव शारीरिकविवादरूपेण परिणतः, उभयतः व्यक्तिभिः पादप्रहारस्य, मुष्टिप्रहारस्य च आदानप्रदानं कृतम्। स्थितिः क्षीणा जाता इति कारणेन पुलिसैः हस्तक्षेपः कर्तव्यः आसीत्।

नकली मतदानस्य आरोपैः उत्पन्नः विवादः समाचारानुसारं मजरा अहिरग्रामे मतदानकेन्द्रे नकलीमतदानविषये केचन व्यक्तिः आक्षेपं कृतवन्तः। अनेन सरपञ्चपदार्थं प्रत्याययन्तः अभ्यर्थिनः समर्थकानां मध्ये विवादः अभवत्। क्षणमात्रेण द्वयोः समूहयोः संघर्षः अभवत्। घटनास्थले उपस्थितानां मध्ये आतङ्कः उत्पन्नः। सूचनां प्राप्य पुलिसदलम् आगत्य द्वयोः समूहयोः पृथक्करणं कृत्वा स्थितिं नियन्त्रणे आनयत्। सावधानतारूपेण मतदानकेन्द्रस्य परितः सुरक्षाव्यवस्थाः अपि सुदृढाः अभवन्। २२ जिल्हेषु ३,६२६ ग्रामपञ्चायतेषु मतदानम् राजस्थानस्य पंचायतनिर्वाचनस्य द्वितीयचरणस्य आरम्भः ३० अक्टोर्बं शुक्रवासरे प्रातः ७:०० वादने अभवत्।

लूनाइटेड् किङ्डम् इत्येतयोः भ्रमणस्य अनुभवाः अपि आच्छादिताः भविष्यन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सभा एतेषां अभियानानां समीक्षां करिष्यति, भविष्यस्य कार्ययोजनां च निर्मास्यति, यत्र विभिन्नैः सामाजिकसंस्थाभिः सह सहकार्यं कर्तुं अधिका चर्चा भविष्यति। मोहन भागवत विदेश भ्रमण से अनुभव साझा करेंगे अस्मिन् सत्रे संघप्रमुखस्य डॉ. मोहनभागवतस्य अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड् किङ्डम् इत्येतयोः भ्रमणस्य अनुभवाः अपि आच्छादिताः भविष्यन्ति। अगस्त-सेप्टेम्बर-मासेषु भ्रमणकाले सः प्रमुखैः व्यक्तिभिः सह संलग्नः अभवत्, विभिन्नेषु सम्मेलनेषु स्वदृष्टिकोणान् च साझां कृतवान्। जेन-जेड् इत्यस्य विरोधान्दोलनसम्बद्धं प्रश्नं सम्बोधयन् सुनील अम्बेकरः पृष्टवान् यत् देशे यदा कदापि स्वरः उत्थापितः भवति।

राशिफल

मेष : आज शाम तक कार्यों को पूरा करने के लिए आसान गोल्स बनाएं। पेमेंट करने से पहले बिल की दो बार जांच करें।

वृषभ : आज छोटे कार्यों को स्मार्ट तरीके से मैनेज करें ताकि अवसर हाथ से न निकल जाएं। अपनी प्लानिंग में फ्लेक्सिब्ल रहें।

मिथुन : आज बातचीत की स्किल्स से कमाई का अवसर मिल सकता है। आपके मीठे बोल रिश्तों को सुधारने में मदद करेंग।

कर्क : आज आपको रोचक मौके और उपयोगी फीडबैक मिल सकता है। बातचीत से नए रास्ते खुल सकते हैं।

सिंह : छोटे, छोटे फैसले आपकी प्रोफेशनल लाइफ में सुधार ला सकते हैं। आज के दिन आपका मन तरोताजा रहेगा।

कन्या : पॉजिटिव एनर्जी के साथ अगले कदम की योजना बनाने के लिए तैयार होंगे। धैर्य और सावधानी बरतने का फल मिलेगा।

तुला : जल्दबाजी में डिसीजन लेने से बचें। दोस्तों या मार्गदर्शकों का सपोर्ट आपके लिए मददगार साबित होगा।

वृश्चिक : आज का दिन स्पीड और एनर्जी लेकर आएगा। पहले एक महत्वपूर्ण टास्क निपटाएं, बाकी टास्क अपने आप पूरे हो जाएंगे।

धनु : सोच-विचार करने या जरूरी फैसले लेने के लिए एक अच्छा दिन है। फोकस बनाए रखेंगे तो प्रयास मिलकर क्लियर लाभ देंगे।

मकर : आज परिवार और पड़ोसियों के साथ खुशियां बांटें। छोटे-छोटे कदम प्रगति ला सकते हैं।

कुंभ : आज के दिन अप्रत्याशित मौके आपको समझदारी से काम लेने के लिए मोटिवेट करेंगे।

मीन : आप आज के दिन एनर्जेटिक महसूस करेंगे। आज के दिन अपने कामों को शुरू करने के लिए तैयार रहेंगे।

त्रिपुरा के स्पिनर्स ने सौराष्ट्र को 118 पर समेटा, गोवा ने बिहार को फॉलोऑन दिया

रणजी ट्रॉफी- उर्विल, सनवीर और प्रदोष की डबल सेंचुरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



रणजी ट्रॉफी 2026-27 के दूसरे दिन बल्लेबाजों का दबदबा देखने को मिला। गुजरात के उर्विल पटेल, पंजाब के सनवीर सिंह और तमिलनाडु के प्रदोष रंजन पॉल ने दोहरे शतक लगाए। पंजाब ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ 592 रन बनाकर पारी घोषित की। वहीं गुजरात ने 534/9 और तमिलनाडु ने 571/7 के स्कोर पर अपनी पारी घोषित की।

गेंदबाजी में त्रिपुरा के स्पिनर्स परवेज सुल्तान और संदीप सरकार ने सौराष्ट्र को सिर्फ 118 रन पर समेट दिया। गोवा ने बिहार को 107 रन पर आउट कर फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर किया।

पंजाब के तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए, टीम 592 तक पहुंची- आंध्र प्रदेश के खिलाफ पंजाब की बल्लेबाजी में तीन शतक लगे। सनवीर सिंह ने पहले दिन के नाबाद 100 रन को आगे बढ़ाते हुए दोहरा शतक पूरा किया। सलिल अरोड़ा ने 375 गेंदों में 205 रन बनाए। उनकी पारी में 22 चौके शामिल रहे।

इमनजोत सिंह चहल ने 150 गेंदों में 122 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 9 छक्के लगाए। दसवें नंबर पर उतरे सुखदीप सिंह बाजवा ने भी 38 रन की नाबाद तेज पारी खेली। इन पारियों के दम पर पंजाब ने 9 विकेट पर 592 रन बनाकर पारी घोषित कर दी।

उत्तर प्रदेश के ओपनर्स ने संभाली पारी- बड़ौदा के 355 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश के ओपनर्स आदर्श सिंह और माधव कौशिक ने बिना विकेट गंवाए 55 ओवर बल्लेबाजी की। आदर्श 96 और माधव 90 रन बनाकर नाबाद थे।

विदर्भ के कप्तान ने शतक लगाया, भूटे 97 रन पर आउट- नागपुर में विदर्भ की शुरूआत खराब रही थी। टीम ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट पर 56 रन बनाए थे। दूसरे दिन कप्तान अक्षय वाडकर ने शतक लगाकर पारी संभाली, लेकिन शतक पूरा करने के बाद उन्हें चोट के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा। नचिकेत भूटे ने आठवें नंबर पर उतरकर 111 गेंदों में 97 रन बनाए। उनकी पारी में 6 चौके और 5 छक्के थे।

जम्मू-कश्मीर के ओपनर्स ने दिलाई राहत- डिफेंडिंग चैंपियन जम्मू-कश्मीर के गेंदबाज पुडुचेरी को पहली पारी में 385 रन बनाने से नहीं रोक सके। पुडुचेरी ने दिन की शुरूआत 6 विकेट पर 261 रन से की थी। जवाब में जम्मू-कश्मीर के ओपनर्स कमरान इकबाल 68 और शुभम खजूरिया 80 रन बनाकर नाबाद रहे।

उत्तराखंड के निश्चल ने 376 गेंदें खेलीं- देहरादून में हरियाणा के खिलाफ उत्तराखंड की ओर से ओपनर देगा निश्चल ने नाबाद 148 रन बनाए। उन्होंने 376 गेंदें खेलीं और 62.4 ओवर तक क्रीज पर टिके रहे। उनका स्कोर हरियाणा की पूरी टीम के कुल स्कोर से सिर्फ 5 रन कम था।

राजस्थान ने हिमाचल के खिलाफ बढ़त 222 रन की की- राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के बीच मुकाबले में पहले दिन दोनों टीमें अपनी पहली पारियों में आउट हो गई थीं। दूसरे दिन राजस्थान ने संभलकर बल्लेबाजी की। ओपनर रोहन राजबार ने 140 और महिपाल लोमरोर ने 97 रन बनाए। इन पारियों से राजस्थान ने अपनी बढ़त 222 रन तक पहुंचा दी।

मुंबई ने 396 रन बनाए- रेलवे के खिलाफ मुंबई ने पहले दिन 6 विकेट पर 247 रन बनाए थे। दूसरे दिन आकाश आनंद और शम्स मुलानी ने अर्धशतक लगाकर टीम को 396 रन तक पहुंचाया।

गुजरात के उर्विल ने 227 गेंदों में बनाए 210 रन- गुजरात के विकेटकीपर बल्लेबाज उर्विल पटेल ने 227 गेंदों में नाबाद 210 रन बनाए। उनकी पारी में 17 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। उनके साथ विशाल जायसवाल ने 77 रन बनाए। गुजरात ने 9 विकेट पर 534 रन बनाकर पारी घोषित की। **तमिलनाडु के प्रदोष का दोहरा शतक-** तमिलनाडु के प्रदोष रंजन पॉल ने भी अपना दोहरा शतक पूरा किया। सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए अजित राम ने शतक लगाया। दोनों की पारियों से तमिलनाडु ने 7 विकेट पर 571 रन बनाए। इसके बाद कप्तान साई किशोर ने पारी घोषित कर दी।

कर्नाटक ने असम पर 361 रन की बढ़त बनाई

कर्नाटक ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 496 रन तक पहुंचा दी। केवी अनीश ने नाबाद 142 रन बनाए। अनश्वर गौतम ने 83 और मानवंत कुमार ने नाबाद 53 रन का योगदान दिया। इस तरह कर्नाटक की बढ़त 361 रन हो गई।

ज्योतिष/वास्तु

नरक चतुर्दशी पर जरूर जलाएं यम दीपक

इन बातों का रखें विशेष ध्यान भूलकर भी न करें ये गलतियां



धनतेरस के बाद और दीपावली से एक दिन पहले नरक चतुर्दशी और छोटी दीवाली मनाई जाती है।कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी कहा जाता है। इस दिन यम का दीपक का जलाने खास महत्व है।

धनतेरस से दीपावली की शुरूआत हो जाती है। इस पांच दिवसीय पर्व में हर दिन का अपना-अपना महत्व है। हिंदू धर्म में कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी का खास धार्मिक महत्व है। यह दिन नरक चतुर्दशी और छोटी दीवाली के नाम से जाना जाता है। दीपावली से एक दिन पहले नरक चतुर्दशी मनाया जाता है।

इस दिन मृत्यु के देवता यमराज की पूजा और उनके निमित्त दीपदान करने की धार्मिक मान्यता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, घर के बाहर यम दीप जलाने से अकाल मृत्यु का भय दूर होता है।

कब शुरू हुई नरक चतुर्दशी पर यम दीप जलाने की परंपरा- वैदिक पंचांग के मुताबिक, कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी मनाई जाती है। इस साल चतुर्दशी तिथि 7 नवंबर सुबह 10 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी और 8 नवंबर को सुबह 11 बजकर 29 मिनट समाप्त होगी। इसिलए नरक चतुर्दशी 7 नवंबर दिन शनिवार को मनाई जाएगी।

दीपक जलाने से मिलता है मोक्ष- धार्मिक मान्यता है कि नरक चतुर्दशी पर यमराज के नाम से दीपक जलाई जाती है। इस दिन विधि-विधान से दीपदान करने पर अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है और यमराज की कृपा होती है। दीपक जलाते समय यमदेव से परिवार की सुख-समृद्धि और लंबी आयु की कामना की जाती है। मोक्ष प्राप्ति की भी प्रार्थना की जाती है। माना जाता है कि यम दीपक जीवन से नकारात्मकता और बुराइयों को दूर करने का प्रतीक है।

क्या है नरक चतुर्दशी का महत्व- धार्मिक मान्यता है कि छोटी दीवाली के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारी राक्षस नरकासुर का वध किया था और संसार को उसके आतंक से मुक्ति दिलाई थी। इस विजय की स्मृति में इस तिथि को नरक चतुर्दशी के नाम से भी मनाया जाता है। नरक चतुर्दशी के दिन शाम को दीपक जलाया जाता है और बुराई पर अच्छाई की जीत और जीवन में सुख, समृद्धि और सकारात्मकता का संदेश दिया जाता है।

नरक चतुर्दशी पर न करें ये काम- इस दिन यमराज की पूजा होती है। मान्यता है कि इस दिन किसी भी जीव की हत्या नहीं करनी चाहिए। यम की दिशा दक्षिण मानी गई है। इस दिन घर की दक्षिण दिशा को भूलकर भी गंदा नहीं करना चाहिए। शास्त्रों में तेल के दान का विशेष महत्व है, लेकिन इस दिन तेल का दान नहीं करना चाहिए। इससे देवी लक्ष्मी नाराज होती हैं। इस दिन तामसिक भोजन नहीं करना चाहिए।

ढाका पहुंचे भारतीय फुटबॉलर्स को नहीं मिले कमरे

3 घंटे तक भटकते रहे, एसएएफएफ चैंपियनशिप से पहले इंतजामों पर सवाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



साउथ एशिया फुटबॉल फेडरेशन चैंपियनशिप में भारतीय फुटबॉल टीम को ढाका के होटल में कमरे नहीं मिले। मंगलवार को टीम को गुलशन एवेन्यू स्थित एक निजी होटल में ठहरना था, लेकिन वहां पहुंचने पर पता चला कि उनके लिए कमरे बुक या अलॉट नहीं किए गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय दल दोपहर करीब 2:15 बजे ढाका पहुंचा था। शाम 5 बजे तक खिलाड़ियों को कमरे नहीं मिल सके थे। रिपोर्ट के मुताबिक खिलाड़ियों के लिए दूसरे होटल में व्यवस्था की गई है।

डिफेंडिंग चैंपियन है भारत, 10वें खिताब की तलाश- भारत इस टूर्नामेंट का मौजूदा चैंपियन है। टीम ने 2023 में बेंगलुरु में हुए फाइनल में कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताब जीता था। भारत अब तक 9 बार यह टूर्नामेंट जीत चुका है। एसएएफएफ दक्षिण एशिया के देशों का फुटबॉल संगठन है। इसकी चैंपियनशिप में क्षेत्र की राष्ट्रीय टीमें हिस्सा लेती हैं। 2026 का यह 15वां संस्करण है, जो 5 से 17 नवंबर तक ढाका में खेला जाएगा।

पहली टीम नहीं, 28 खिलाड़ियों का दूसरा दल भेजा- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने इस टूर्नामेंट के लिए 28 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। हालांकि, भारत ने अपनी मुख्य सीनियर टीम नहीं भेजी है। टीम की कमान अंडर-23 के मुख्य कोच नौशाद मूसा को दी गई है। बिबियानो फर्नांडिस सहायक कोच होंगे।

18 खिलाड़ी पहले पहुंचे, बाकी 10 बाद में जुड़ेंगे

इसकी एक बड़ी वजह भारतीय सीनियर टीम का न्यूजीलैंड दौरा है। भारत को 12 और 15 नवंबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच खेलने हैं। ये मुकाबले ऑकलैंड और क्राइस्टचर्च में होंगे। दूसरी परेशानी घरेलू क्लबों से खिलाड़ियों को रिलीज कराने की भी थी। भारत का पहला एसएएफएफ मैच फीफा इंटरनेशनल मैच विंडो शुरू होने से पहले है।

एआईएफएफ के मुताबिक, 18 खिलाड़ी 3 नवंबर को कोलकाता से ढाका पहुंचे। बाकी 10 खिलाड़ियों को अगले कुछ दिनों में टीम से जुड़ना है।

पाकिस्तान से पहला मुकाबला, फिर मालदीव से भिड़ंत- भारत को ग्रुप-इ में पाकिस्तान और मालदीव के साथ रखा गया है। ग्रुप-ए में मेजबान बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान हैं। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसके बाद 17 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा। सभी मुकाबले ढाका के नेशनल स्टेडियम में होंगे।

प्रेमा रावत ने महिला टी-20 का सबसे तेज अर्धशतक लगाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

भारतीय क्रिकेटर प्रेमा रावत ने महिला टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगा दिया है। 24 साल की प्रेमा ने सीनियर विमेंस टी-20 ट्रॉफी में उत्तराखंड की ओर से खेलते हुए हैदराबाद के खिलाफ 14 गेंदों में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 50 रन की नाबाद पारी खेली। इससे पहले यह रिकॉर्ड 15 गेंदों में अर्धशतक लगाने वाली तीन खिलाड़ियों के नाम संयुक्त रूप से था। पुणे के एमसीए क्रिकेट स्टेडियम में उत्तराखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 187 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 98 रन ही बना सकी। उत्तराखंड ने यह मैच 89 रन से जीता। प्रेमा ने बल्ले के बाद गेंद से भी कमाल किया और 12 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रेमा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं। उस समय पारी के सिर्फ आखिरी तीन ओवर बाकी थे। उन्होंने आते ही तेज गेंदबाज साक्षी राव की गेंदों पर लगातार तीन चौके लगाए। इसके बाद ऑफ स्पिनर वांका पूजा के ओवर में 18 रन बटोरे।

खबर एक नजर...

फूल-प्रसाद बेचने वाले युवक को बदमाशों ने मारे चाकू

उज्जैन। जयसिंहपुरा में रहने वाला रोहित पिता राकेश प्रजापत महाकाल मंदिर के पास फूल प्रसाद बेचने का काम करता है। मंगलवार दोपहर उसे 3 बदमाशों ने घेरकर चाकू मार दिये। तीन से चार चाकू लगने पर घायल रोहित की सूचना परिजनों को मिली तो वह अस्पताल लेकर पहुंचे। पूछताछ करने पर रोहित ने पहले घटना नीलगंगा क्षेत्र में काम्पलेक्स के पास होना बताया। नीलगंगा पुलिस अस्पताल पहुंची तो हरसिद्धी पाल के पास चाकूबाजी होना बताया। महाकाल पुलिस ने घटना का पता लगाया तो सामने आया कि कहारवाड़ी खाराकुआ क्षेत्र का मामला है। खाराकुआ पुलिस शाम को अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज कर घटनास्थल की तस्दीक के लिये पहुंची। घायल का कहना था कि चाकू मारने वाले शांतिनगर में रहने वाले पवन, कुलदीप और खज्जा है। उनके द्वारा पैसों की मांग की गई थी। मना करने पर चाकू मारकर भागे है। पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है।

गिरफ्त में खेत से स्टार्टर चोरी करने वाले 2 आरोपी

उज्जैन। कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम सुमराखेड़ा स्थित खेत से कुछ दिन पहले अज्ञात बदमाशों ने पानी की मोटर का स्टार्टर चोरी कर लिया था। पुलिस ने मामले में किसान ईश्वर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। सुराग मिलने पर राहुल पिता गोकुल सोलंकी, निवासी मल्लूपुरा रोड को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने साथी संतोष पिता बद्रीलाल निवासी ग्राम नानूखेड़ा के साथ चोरी करना स्वीकार कर लिया। संतोष को हिरासत में लेकर उनकी निशानेदही पर खेत से चोरी किया गया स्टार्टर बरामद किया गया। संतोष के पास से एक बाइक भी जप्त की गई। जिसके संबंध में जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि कुछ माह पहले बाइक मक्सी थाना क्षेत्र से चुराई गई थी। कायथा पुलिस ने चोरी की बाइक मिलने पर मक्सी पुलिस को सूचना दी है। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपी अपराधिक प्रवृति के है। राहुल सोलंकी के खिलाफ पूर्व में 5 और संतोष के खिलाफ 3 प्रकरण दर्ज होना सामने आये है।

बाइक-आयशर की टक्कर में वृद्ध की हुई मौत

उज्जैन। नागदा थाना क्षेत्र के बैरछा फंटा पर रात 9 बजे बाइक सवार भगवानसिंह पिता भंवर गुर्जर 55 साल निवासी ग्राम खुरमडी बिरलाग्राम को आयशर क्रमांक एमपी 13 झेड डी 5590 ने टक्कर मार दी। भगवानसिंह गंभीर घायल हो गया था। जिसे अस्पताल भेजा गया। लेकिन कुछ देर चले उपचार के बाद मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया और आयशर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया। सड़क दुर्घटना के एक मामले में पंवासा थाना पुलिस ने 29 अक्टूबर को गरोठ हाईवे ब्रिज पर हुई दुर्घटना में अनिल पिता भंवर सुनेरिया निवासी प्रेमनगर चंदेसरी की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद टक्कर मारने वाले पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 41 झेड एन 3956 को ट्रेस कर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पैसे नहीं देने पर शांतिनगर में दंपति के साथ मारपीट

उज्जैन। नीलगंगा थाना क्षेत्र के शांतिनगर में सोमवार-मंगलवार रात मुकेश और उसकी पत्नी पिंकी के साथ क्षेत्र के रहने वाले पवन, बारिक और मोहित ने मारपीट की। पति-पत्नी घायल हो गये। उन्हे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। मारपीट की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस दंपति के बयान दर्ज करने पहुंची तो सामने आया कि मारपीट करने वाले युवक नशे के आदी है। रात में गांजा पीने के लिये पैसे मांग रहे थे। मना करने पर मारपीट की है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। लेकिन तीनों क्षेत्र से फरार हो गये थे। बताया जा रहा है कि तीनों के खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है।

पत्नी की तलाश में आये पति के साथ मारपीट

उज्जैन। लापता पत्नी की तलाश में सुवासरा से विक्रम पिता रामचंद्र राठौर उज्जैन आया था। उसे पता चला था कि पत्नी और बच्चे पंवासा में रहते है। वह क्षेत्र में तलाश कर रहा था तभी पुत्र रामस्वरूप उसे दिखाई दिया। लेकिन पुत्र नहीं रूका और चला गया। विक्रम ने उसका पीछा कर घर का पता लगाने की कोशिश की, इसी बीच पुत्र आने तीन दोस्तों को लेकर आया और पिता के साथ मारपीट की। घटना के बाद विक्रम राठौर ने मामले की शिकायत पंवासा थाना पुलिस से की। पुलिस ने घायल विक्रम का मेडिकल परीक्षण कराकर पुत्र और उसके दोस्तों की तलाश शुरू की है।

दिन	678-1	124-7
मेन बाजार	250-7	127-0
मिलन डे	230-5	489-1
मिलन नाइट	156-2	440-8

1 5 6

धीमी गति, लापरवाही का काम देख ठेकेदारों पर पैनल्टी की कार्यवाही की गई

गुस्साए आयुक्त ने निर्माण कंपनियों पर 66 लाख पेनॉल्टी ठोकी

टाटा सहित 3 ठेका एजेंसियां एवं एक कंसलटेंट को झटका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा गुस्सा गए हैं। उन्होंने सीधे-सीधे ऐसे ठेकेदारों पर पेनॉल्टी लगाने का काम शुरू कर दिया है। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान ऐसी ही स्थितियों के चलते टाटा सहित 3 ठेका एजेंसियों पर 65 लाख एवं एक कंसलटेंट एजेंसी पर एक लाख का जुर्माना लगाया गया है।

सिंहस्थ में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं बेहतर यातायात प्रबंधन को लेकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर चौड़ीकरण कार्य प्रचलित हैं। मंगलवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों के साथ प्रमुख सड़क चौड़ीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। आयुक्त श्री मिश्रा ने प्रत्येक स्थल पर कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों से कार्य की विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सिंहस्थ महापर्व का समय नजदीक है, इसलिए सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में ही पूर्ण किए जाएं। जिन कार्यों में अपेक्षित गति नहीं है, वहां अतिरिक्त श्रमिक एवं आवश्यक संसाधन बढ़ाते हुए कार्य की गति तत्काल बढ़ाई जाए। निर्माण कार्य के दौरान मलबे को हटाए एवं नाली निर्माण ,सड़क निर्माण, पोल शिफ्टिंग, नल कनेक्शन आदि कार्यों को गति प्रदान करे। ने चौड़ीकरण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा लापरवाही पाए जाने पर पैनल्टी की कार्यवाही की ।

24 खंबा से हरसिद्धि पाल-यह मार्ग 650 मीटर लंबा है एवं 18 मीटर चौड़ाई के साथ चौड़ीकरण किया जा रहा है। निगम आयुक्त द्वारा मार्ग पर शेष भवनों की तुड़ाई कार्य को गति बढ़ाए जाने के साथ नाली निर्माण के दौरान प्री कास्ट करने ,नल कनेक्शन, सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

ठेकेदार पर 25 एवं टाटा पर 20 लाख पेनल्टी- निगम आयुक्त ने प्रचलित रामानुज कोट से दानी गेट तक 470 मीटर लंबाई के साथ 18 मीटर चौड़ाई के साथ मार्ग को चौड़ीकरण का निरीक्षण किया। कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठेकेदार निर्माण कार्य में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त संसाधन एवं श्रमिक लगाए जाएं, ताकि कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो सके, ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण, बाउंड्री वॉल आदि निर्माण के दौरान निर्माण सामग्री के नहीं पाए जाने पर एवं कार्य की गति नहीं पाए जाने पर संबंधित एजेंसी विजय इंफ्रा पर 25 लाख की पेनल्टी की गई। वही टाटा कंपनी के द्वारा नाला क्रॉस के दौरान 1600 एम एम की पाइप लाइन नहीं डालने पर 20 लाख पेनल्टी की गई।

ठेकेदार पर 20 लाख, कंसल्टेड पर1लाख

नीलकंठ से महाकाल चौराहे पर प्रचलित चौड़ीकरण कार्य लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से 370 मीटर लंबे मार्ग को 24 मीटर चौड़ा किए जाने का है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि तुड़ाई कार्य के दौरान पड़े मलबे को ठेकेदार संसाधनों से तुरंत हटाएं। तुड़ाई कार्य के पश्चात ले आउट के अनुसार 100 मीटर की नाली निर्माण का कार्य पूर्ण करे।

नियमों का पालन नहीं करने पर 41 चालकों से वसूला जुर्माना

न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ सड़क पर उतरी यातायात पुलिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ यातायात पुलिस द्वारा मंगलवार को चैकिंग अभियान चलाया गया। 41 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 50 हजार का जुमार्ना वसूला गया।

डीएसपी मनोज खत्री द्वारा बताया कि शहर में 2 मार्गो देवासरोड ग्राम चंदेसरी गरोठ मार्ग और आगररोड पर दो न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में यातायात पुलिस टीम द्वारा नियमों विरूद्ध चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया गया था। चार पहिया वाहन चालकों की जांच के दौरान 53 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 62 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया।



हूटर-नेमप्लेट लगाकर दिखाते हैं रौब

शहर में चार पहिया वाहन चालकों द्वारा हूटर और नेमप्लेट लगाकर रौब दिखाया जाता है। यह वाहन ऐसे दौड़ते है, जैसे मार्ग उनके लिये ही बना है। कुछ दिन पहले ही यातायात पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद रॉग साईड हूटर बजाते हुये तेजगति से कार दौड़ाने वाले के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुये जुमार्ने की कार्रवाई की थी।

बजरंग दल-करणी सेना की लगाई थी प्लेट

चैकिंग अभियान के दौरान जहां हूटर जप्त किये गये और काली फिल्म निकाली गई। वहीं नम्बर प्लेट की जगह लगी बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, करणी सेना, महामंत्री, उपाध्यक्ष, सरपंच लगी प्लेट भी जप्त की गई। एक वाहन पर डिप्टी कमिश्नर की नेम प्लेट भी लगी थी। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है।

अभियान में बिना नम्बर प्लेट, हूटर लगी गाड़ी और ब्लैक फिल्म वाले वाहनों को चैक किया गया था। डीएसपी खत्री के अनुसार नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह का अभियान जारी रहेगा।

नशे पर प्रहार, ड्रग्स-गांजे के साथ तीन हिरासत में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले में नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस का अभियान लगातार जारी है। एक बार फिर 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 84 हजार से अधिक का मादक पदार्थ बरामद किया गया है। पिछले दिनों एसपी प्रदीप शर्मा ने सालों से मादक पदार्थ मामले में फरार चल रहे 57 से अधिक आरोपियों के खिलाफ 10-10 हजार के इनाम घोषित कर नशे पर अंकुश लगाने के लिये अभियान की शुरू की थी। जिले में पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की धरपकड़ लगातार की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार-मंगलवार रात माधवनगर थाना पुलिस की टीम ने दशहरा मैदान से फिरोज उर्फ कद्दू पिता वाहिद 32 वर्ष, निवासी बाबा टी स्टॉल के पीछे, शिवशक्ति नगर, आगर रोड को 50 हजार कीमत की एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। उन्हेल थाना पुलिस ने इंगोरिया चौपाटी पर वाहन चेकिंग के दौरान रुस्तम पिता नूर खां 55 वर्ष निवासी ग्राम पासलोद को हिरासत में लेकर उसके बेग से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। देवासगेट थाना पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान दीपक पिता तुलसीराम 25 वर्ष, निवासी कुरावर मंडी राजगढ़ को 295 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा। तीनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। 2 दिन पहले पंवासा, नानाखेड़ा, नागझिरी, खाचरौद और महाकाल पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से ढाई किलो से अधिक मादक पदार्थ बरामद किया था।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से किया दुष्कर्म, कराया था गर्भपात

कानीपुरा से पुलिस गिरफ्त में आया फरार आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और गर्भपात करने के मामले में फरार आरोपी को कानीपुरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

17 अक्टूबर को चिमनगंज थाना पुलिस को नाबालिग के बयान दर्ज करने के बाद साहेबखेड़ी में रहने वाले नरेन्द्र जोशी के खिलाफ पास्को एक्ट के साथ दुष्कर्म करने की 8 गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने टीम गठित की थी। मंगलवार को सूचना मिलने के बाद कानीपुरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने घर बुलाया था और जबरदस्ती



शारीरिक शोषण कर धमकी दी थी। कुछ दिन पहले नाबालिग की तबीयत बिगड़ने पर उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो सामने आया कि वह गर्भवती है और उसने गर्भपात की गोली खाई है। पूछताछ करने पर नाबालिग ने बताया था कि उसे नरेन्द्र ने गर्भपात की गोली खिलाई थी। जिसके बाद परिजनों ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी।

प्रशासन का 2 माह तक रहेगा सख्त पहरा, धारा 163 लागू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले में कानून व्यवस्था, लोकशांति और आमजन की सुरक्षा को बनाये रखने के लिये कलेक्टर/ जिला दंडाधिकारी रोशन कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (1) लागू करते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश 3 नवंबर से प्रभावशाली होकर आगामी दो माह तक पूरे जिले में रहेगा।

दीपावली से पहले जिले में कानून व्यवस्था के साथ शांति बनाये रखने के उद्देश्य से लागू की धारा 163 (1) के अंतर्गत अब सार्वजनिक स्थानों पर धारदार हथियार, आग्नेय अस्त्र-शस्त्र, हॉकी, डंडा और रॉड लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। बिना अनुमति सभा, धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली और सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। डीजे, बैंड और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर भी सख्ती की है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ई-मेल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों पर धर्म, जाति, समाज या किसी व्यक्ति के खिलाफ आपत्तिजनक, भड़काऊ अथवा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली पोस्ट, फोटो, कमेंट, बैनर और संदेश अपलोड या प्रसारित करने पर प्रतिबंध रहेगा।

जुलूस में पेट्रोल-एसिड और पटाखे प्रतिबंधित

धरना, जुलूस और रैली में पेट्रोल, एसिड, केरोसिन जैसे ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग करने पर रोक रहेगी। पटाखे और विस्फोटक सामग्री का उपयोग भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बिना अनुमति टेंट-पंडाल लगाने और सड़क, हाईवे या रास्तों पर यातायात बाधित करने की अनुमति नहीं होगी।

होटल संचालक और मकान मालिकों को निर्देश

होटल, लॉज, धर्मशाला और विश्राम स्थलों में ठहरने वाले बाहरी व्यक्तियों की जानकारी संचालकों को प्रतिदिन संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में देनी होगी। इसी तरह मकान मालिकों को अपने यहां रहने वाले किरायेदारों की जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। ऐतिहासिक इमारतों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, न्यायालय, शासकीय कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति शूटिंग, वीडियो, रील और फोटोग्राफी भी प्रतिबंधित रहेगी।

वैवाहिक-सामाजिक कार्यो में राहत

प्रशासन द्वारा जारी आदेश में वैवाहिक और सामाजिक संस्कारों कार्यक्रम के लिए राहत दी है।अनुविभागीय दंडाधिकारी अपने क्षेत्र में आवेदन के आधार पर शर्तों सहित कार्यक्रमों की अनुमति दे सकेंगे। शासकीय ड्यूटी पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी आवश्यक वैधानिक छूट रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

केवायसी होने के बावजूद आधार मांगा जा रहा, फार्म में मात्र नंबर की जानकारी

जीवितता प्रमाण पत्र देना बनाम फजीहत का काम

बैंक का सर्वर काम नहीं कर रहा, पेयजल-बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं, पार्किंग की समस्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए जीवितता प्रमाण पत्र देना बनाम फजीहत का काम बनता जा रहा है। बैंकों की और से दस्तावेजों को लेकर कोई सूचना जारी नहीं की गई है। फार्म में जो जानकारी मांगी गई है उसकी पूर्ति एवं सहयोगी दस्तावेज देने के बाद बैंकों में दस्तावेज मांगे जा रहे हैं जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बेवजह चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बैंक का सर्वर काम नहीं कर रहा है जिससे भी परेशानी की स्थिति बन रही है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रति वर्ष नंवबर माह में बैंकों में जीवितता प्रमाण पत्र देने के प्रावधान के तहत 01 से 30 नवंबर तक इसका सत्यापन किया जा रहा है। इसके तहत स्टेट बैंक आफ इंदौर की देवासरोड स्थित शाखा में ऐसे कर्मचारियों की खासी भीड़ उमड़ रही है। इस बार आनलाईन को प्राथमिकता दी जा रही है इसके तहत बैंक में कर्मचारी आकस्मिक ही आधार कार्ड मांग रहे हैं जबकि फार्म पर मात्र नंबर की जानकारी मागी गई है। इससे कई कर्मचारियों को बेवजह ही चक्कर काटना पड़ रहा है।

केवायसी होने के बावजूद आधार की मांग- बैंक में जीवितता प्रमाण पत्र का सत्यापन करवाने आए कर्मचारियों ने इस फजीहत से दो-चार होने के दौरान बताया कि पहले तो उन्हें फार्म लेने आना पडा। उसके बाद घर से फार्म को भरकर लेकर आए तो संबंधित सत्यापन कर्मी ने आधार मांग लिया जबकि बैंक के फार्म में मात्र आधार के नंबर की जानकारी देने का ही प्रावधान किया गया था। जन्म तिथि प्रमाणन के लिए जरूर फार्म में पुष्टि मांगी गई है जिसे संलग्न किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कहना था कि बैंकों के आनलाईन खातों में केवायसी किया गया है जिसमें संबंधित सेवानिवृत्त का आधार,पेनकार्ड दर्ज है । ऐसे में आधार की कापी मांगना वरिष्ठजनों को परेशान करने जैसा ही है।

इस बार आनलाईन पर जोर

बैंक में जीवितता प्रमाण पत्र को इस बार आनलाईन किया जा रहा है। देवासरोड शाखा में दो काउंटर इसके लिए चलाए जा रहे हैं। दिन में कई बार सर्वर डाउन होने से दो काउंटर पर भी कछुआ गति के काम की स्थिति बनने लगती है। बैंक कर्मी जीवितता प्रमाण का सत्यापन कर मोबाईल के माध्यम से आनलाईन इसे इंद्राज करते हैं जिसमें सर्वर डाउन होने से उसमें समय लग रहा है। यही नहीं कई कर्मचारियों का डाटा बैंक कर्मचारियों को कई बार डालना पड़ रहा है उसके बाद भी उन्हें सफलता नहीं मिल पा रही है। कई बार तो सेवानिवृत्तों का फोटो भी कई बार खिंचकर उसे आनलाईन डालने की प्रक्रिया करना पड़ रही है जिसे कर्मचारी सेवानिवृत्तों के सहयोग के साथ अंजाम दे रहे हैं लेकिन सर्वर की गति के कारण परेशानी की स्थिति बार-बार बन रही है। ऐसे मामलों में मेन्यूअल भी सत्यापन भी किया जा रहा है।



बैंक से सूचना का अभाव

बैंक में वैसे तो एक नंबवर से ही जीवितता प्रमाण के सत्यापन की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। प्रथम एक दो दिन तो ठीक तीसरे दिन अच्छी संख्या में सेवानिवृत्त पहुंचे थे। ऐसे में उनका कहना था कि वैसे तो अधिकांश सेवानिवृत्तों को जानकारी है कि 1-30 नवंबर तक जीवितता प्रमाण सत्यापन के साथ देना है लेकिन बैंक की और से इसे लेकर सूचना का प्रकाशन किया जाना चाहिए। साथ ही सूचना में फार्म और उसमें लगने वाले दस्तावेजों की जानकारी भी दी जाना चाहिए। इससे सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक संबंधित दस्तावेज साथ लेकर आएंगे और बैंक में ही फार्म भरकर दस्तावेजों को संलग्न कर दे देंगे जिससे उन्हें बेवजह चक्कर नहीं लगाना पडेगा और समय भी बचेगा। अभी बैंक के फार्म में मात्र जन्म दिनांक की पुष्टि को लेकर दस्तावेज मांगा गया है जबकि काउंटर पर आधार की प्रति मांगी जा रही है। ऐसे में सेवानिवृत्तों को चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड रहा है,जबकि बैंक के जिस खाते पर इसे दर्ज किया जा रहा है उसमें पूर्व से ही केवायसी के तहत आधार एवं पेन पंजीयन हैं।

ई-काउंटर परेशानी भरा

सेवानिवृत्त कर्मचारी राधेश्याम जी ने कहा कि बैंक छोटे-छोटे से काम का हमसे चार्ज वसूल कर रहा है लेकिन उसकी सेवाओं में कमी पर हमें होने वाले नुकसान की पूर्ति नहीं कर रहा है जो कि एक तरफा वाली स्थिति है। बैंक के ई-काउंटर पर अधिकांश समय एटीएम की समस्या रहती है। कभी आउट आफ सर्विस तो कभी पैसा नहीं कभी सर्वर में दिक्कत होती है। पास बुक प्रिंटिंग की दो मशीन होने के बावजूद भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समस्या से जूझना पडता है। कभी मशीन बार-कोड पकडती है तो कभी नहीं। आए दिन मशीन में पासबुक फस जाती है। हमेशा पास बुक का नया पेज लगाने पर भी पूरा पेज छोडकर नीचे से मशीन प्रिंट देती है। इससे स्टेशनरी का बडा नुकसान हो रहा है। एटीएम से चार बार से ज्यादा पैसा निकालने पर चार्ज लगाया जा रहा है। दुसरे बैंक के एटीएम के उपयोग को चार्जेबल किया गया है। ऐसे में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का तो नुकसान ही हो रहा है। इसे लेकर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

पेयजल-बैठने, पार्किंग की परेशानी- सेवानिवृत्त वरिष्ठ बाबूलाल मालवीय ने कहा कि बैंक के अंदर जीवितता प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए आने वालों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जाना चाहिए थी,जबकि अंदर ऐसा नहीं है। पेयजल की स्थिति भी सर्वदृष्य नहीं हैं। एक और कोने में है। कई बार सर्वर डाउन के कारण काम में देरी भी लग रही है ऐसे में बुजूर्गों को खडे रहना पड रहा है। बैंक के बाहर पार्किंग की पर्याप्त जगह नहीं होने से वाहनों को खडे करने को लेकर परेशानी हो रही है। कई कर्मचारी जो पैदल चलने में सक्षम नहीं हैं उन्हें आटो टैक्सी से अंदर प्रांगण तक आने में समस्या हो रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com